हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 336, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 30 मई, 2023 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## किसानों के लिए काम कर रही डबल इंजन सरकार : मुख्यमंत्री

### पूर्व पीएम चौधरी चरण सिंह को सीएम योगी ने किया नमन

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि देश के महान नेता, पूर्व प्रधानमंत्री व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी चरण सिंह का पूरा जीवन भारत के मूल्यों व आदर्शों की स्थापना के साथ ही जमीनी धरातल से जुड़े किसानों और श्रमिकों के कल्याण के लिए समर्पित था। चौधरी साहब का स्पष्ट कहना था कि देश के विकास का रास्ता गांव की पगडंडी से होकर जाता है। अन्नदाता किसान गांव का विकास व समृद्धि का आधार है। किसान सर्वोच्च प्राथमिकता का विषय होना चाहिए। सीएम योगी ने सोमवार को विधान भवन प्रांगण में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा व चित्र पर पुष्पार्चन कर श्रद्धांजलि अर्पित की।



**किसानों के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही सरकार**– मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से आज प्रदेश में डबल इंजन की सरकार किसानों के हितों के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सर्वाधिक लाभ देश में यूपी के किसानों को प्राप्त हो रहा है। फसल ऋण माफी व एमएसपी का लाभ भी अन्नदाता किसानों को प्रदेश के अंदर देने का कार्य हो रहा है। अब तक दो लाख 12 हजार करोड़ से अधिक गन्ना मूल्य का भुगतान किसानों को हो चुका है।

**डबल इंजन की सरकार ने किया छपरौली चीनी मिल का नवीनीकरण**– सीएम ने कहा कि चौधरी साहब की कर्मभूमि छपरौली की चीनी मिल का नवीनीकरण व पुनरोद्धार भी डबल इंजन की सरकार ने ही किया। उनके सपनों को साकार करने के लिए डबल इंजन की सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। किसानों, प्रदेश व देश के विकास के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयास व कार्यों के लिए स्मरण करते हुए सीएम ने उनकी स्मृतियों को नमन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, कैबिनेट मंत्री सुरेश खन्ना, कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, मंत्री जेपीएस राठौर, राज्यमंत्री केपी मलिक, विधायक जय प्रताप सिंह, नीरज बोरा आदि मौजूद रहे।

### नए केंद्रीय सतर्कता आयुक्त बने प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिलाई पद की शपथ

नई दिल्ली। राष्ट्रपति भवन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि सतर्कता आयुक्त प्रवीण कुमार श्रीवास्तव को सोमवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ दिलाई। प्रोबिटी वॉचडॉग के प्रमुख के रूप में सुरेश एन पटेल का कार्यकाल पूरा होने के बाद श्रीवास्तव पिछले साल दिसंबर से केंद्रीय सतर्कता आयुक्त (सीवीसी) के रूप में काम कर रहे थे। एक आधिकारिक बयान में कहा गया, "आज सुबह 10.30 बजे राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने केंद्रीय सतर्कता आयुक्त के रूप में शपथ ली। उन्होंने राष्ट्रपति के समक्ष शपथ ली और उस पर हस्ताक्षर किए।" समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। केंद्रीय सतर्कता आयोग का नेतृत्व केंद्रीय सतर्कता आयुक्त करता है और इसमें अधिकतम दो सतर्कता आयुक्त हो सकते हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग में एक सतर्कता आयुक्त का पद रिक्त है। खुफिया ब्यूरो (आईबी) के पूर्व प्रमुख अरविंद कुमार एकमात्र सतर्कता आयुक्त हैं। एक सीवीसी और सतर्कता आयुक्त का कार्यकाल चार साल या पदधारी के 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक का होता है।

## पीएम की पूर्वोत्तर को सौगात, पहली वंदे भारत ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

गुवाहाटी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज पूर्वोत्तर भारत को पहली वंदे भारत ट्रेन की सौगात दी। उन्होंने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए असम से वंदे भारत एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी मौजूद रहे। यह वंदे भारत ट्रेन असम को पश्चिम बंगाल से जोड़ेगी। पीएम मोदी ने कहा कि गुवाहाटी से न्यू जलपाईगुड़ी तक चलने वाली यह ट्रेन असम और बंगाल के बीच सदियों पुराने संबंधों को और मजबूत करेगी। उन्होंने इस दौरान नए संसद भवन के उद्घाटन का भी जिक्र किया। आज भारत में हो रहे इन्फ्रास्ट्रक्चर के काम की पूरी दुनिया में बहुत चर्चा हो रही है, क्योंकि यही इंफ्रास्ट्रक्चर तो जीवन आसान बनाता है। यही इन्फ्रास्ट्रक्चर तो रोजगार के अवसर बनाता है। यही इंफ्रास्ट्रक्चर तेज विकास का आधार है। यही इन्फ्रास्ट्रक्चर गरीब, दलित, पिछड़े, आदिवासी, ऐसे हर वंचित को सशक्त करता है। इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण के इस काम से सबसे अधिक लाभ अगर किसी को हुआ है तो वह पूर्वी और उत्तर-पूर्वी भारत है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुवाहाटी में कहा कि खुशी की बात है कि पीएम मोदी आज पूर्वोत्तर की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। पहले यह 'लुक ईस्ट' था, लेकिन अब यह 'एक्ट ईस्ट' है। रेल मंत्री ने कहा कि आज बहुत ही सौभाग्य का दिन है कि आज पीएम गुवाहाटी से न्यू जलपाईगुड़ी के बीच वंदे-भारत को हरी झंडी दिखाएंगे। आज से 10 साल पहले तक नॉर्थ-ईस्ट के बारे में केवल 'लुक ईस्ट' की पॉलिसी होती थी। पीएम मोदी ने आकर उसको बदला और 'एक्ट ईस्ट' की पॉलिसी लेकर आए। असम से शुरू हो रही पहली वंदे भारत ट्रेन के उद्घाटन से पहले मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव का क्षण है। यह वंदे भारत ट्रेन पहली बार पश्चिम बंगाल और असम को जोड़ेगी। इसके लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को धन्यवाद।




### वीकेंड ट्रिप पर गए चार युवक झील में डूबे, दो के शव बरामद

बेंगलुरु। कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के करीब चिक्काबल्लापुरा जिले के देवनहल्ली तालुक में रामनाथपुरा झील में चार युवक डूब गए, जिनमें से बचावकर्मियों ने दो युवकों के शव निकाल लिए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि युवक रविवार को वीकेंड पर पर्यटन स्थल नंदी हिल्स घूमने गए थे। लौटते समय वे झील में तैरने गए थे। उनमें से एक लड़का तैरना नहीं जानता था और डूबने लगा। उसे बचाने के चक्कर में तीन और लोगों डूब गए। झील के किनारे बाइक और हेलमेट देखकर ग्रामीणों ने इसकी सूचना अधिकारियों को दी। विश्वनाथपुरा पुलिस, अग्निशमन दल और आपातकालीन सेवा के अधिकारी मौके पर पहुंचे और अभियान शुरू किया। शवों को देवनहल्ली के आकाश अस्पताल में भेज दिया गया है। आगे की जांच जारी है।

## दिल्ली पर केंद्र का अध्यादेश : आप के साथ नहीं कांग्रेस! राहुल-खरगे से बोले नेता- केजरीवाल के समर्थन में न दिखें

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने आज दिल्ली और पंजाब कांग्रेस के नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक में दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर के खिलाफ केंद्र के अध्यादेश पर चर्चा की गई। इस बैठक में दिल्ली कांग्रेस के नेताओं ने केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ आप का समर्थन नहीं करने की सलाह दी। दिल्ली कांग्रेस ने आप के साथ दिल्ली में गठबंधन को भी खारिज कर दिया। हालांकि आखिरी फैसला पार्टी आलाकमान पर छोड़ दिया गया है। बता दें कि केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ विपक्षी दलों का समर्थन जुटा रहे हैं। इसी कड़ी में केजरीवाल ने मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी से भी मिलने का समय मांगा है। केजरीवाल इस मुद्दे पर समर्थन के लिए कई नेताओं से मुलाकात कर चुके हैं। हाल ही में वह हैदराबाद दौरे पर गए थे और बीआरएस चीफ केसीआर से मुलाकात की थी। इस मुलाकात के बाद के चंद्रशेखर राव ने आप का समर्थन किया था और केंद्र से अध्यादेश वापस लेने की अपील की थी। केजरीवाल एनसीपी चीफ शरद पवार से भी मिले थे। दिल्ली में प्रशासन के मुद्दे पर केंद्र सरकार और दिल्ली सरकार में खींचतान चल रही है। मामला सुप्रीम कोर्ट भी गया। जहां बीती 11 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि अफसरों के ट्रांसफर, पोस्टिंग के अधिकार दिल्ली सरकार के पास रहेंगे। वहीं जमीन, पुलिस और कानून व्यवस्था पर केंद्र सरकार का नियंत्रण रहेगा। इसके बाद दिल्ली सरकार ने वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले का एक आदेश जारी किया लेकिन इसके खिलाफ केंद्र सरकार एक अध्यादेश ले आई है, जिसके तहतत अफसरों के ट्रांसफर, पोस्टिंग और विजिलेंस से जुड़े मामलों के लिए केंद्र सरकार नेशनल कैपिटल सिविल सर्विसेज अथॉरिटी का गठन करेगी। इस अथॉरिटी में दिल्ली के मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, प्रधान गृह सचिव होंगे। यही अथॉरिटी अधिकारियों के ट्रांसफर, पोस्टिंग पर फैसले लेगी और एलजी को सिफारिश भेजेगी।



## कर्नाटक में जीत के बाद कांग्रेस के हौसले बुलंद राहुल गांधी बोले- एमपी में जीतेंगे 150 सीटें

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के हौसले कर्नाटक विधानसभा चुनाव के बाद बुलंद है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने जो कर्नाटक में किया है, उसे वह मध्य प्रदेश में रिपीट करेगी। राहुल ने यह भी कहा कि कर्नाटक में हमें 136 सीटें मिली थी। अब मध्य प्रदेश में हम 150 सीटें जीतेंगे।

दरअसल, मध्य प्रदेश के शीर्ष कांग्रेस नेताओं ने राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर सोमवार को एआईसीसी मुख्यालय में पार्टी प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे के साथ बैठक की।। सूत्रों ने कहा कि इस बैठक में राहुल गांधी, पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सहित अन्य लोगों ने भाग लिया। अभी बेहद महत्वपूर्ण बैठक हुई है। चुनाव में कैसी रणनीति बनाई जाए, मध्य प्रदेश का भविष्य कैसे सुरक्षित रखा जाए, इस पर चर्चा हुई। जो राहुल गांधी (एमपी में कांग्रेस को 150 सीटें मिलने के बयान) जी ने कहा है, हम सभी उनकी बात से सहमत है। खरगे राजस्थान के पार्टी नेताओं के साथ भी विचार-विमर्श करेंगे, जहां मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उनके पूर्व डिप्टी सचिन पायलट उपस्थित रहेंगे। गहलोत बैठक के लिए पहले ही राष्ट्रीय राजधानी पहुंच चुके हैं। इन बातचीत में राज्य इकाई प्रमुखों के साथ-साथ दोनों चुनावी राज्यों के पार्टी प्रभारी शामिल होंगे। ये पार्टी कैडरों को सक्रिय करने और इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए जमीन तैयार करने के कांग्रेस के प्रयासों का भी हिस्सा हैं।



## सनसनीखेज हत्याकांड से दहल उठी दिल्ली: साहिल ने 16 साल की लड़की को चाकू से गोद डाला

बाहरी दिल्ली। शाहबाद डेरी इलाके में हुए सनसनीखेज हत्याकांड से राजधानी दिल्ली एक बार फिर दहल उठी है। यहां बी ब्लाक में एक नाबालिग लड़की की चाकू से 21 बार वार कर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान जेजे कॉलोनी निवासी साक्षी (16 वर्ष) के रूप में हुई है और उसका शव गली में मिला था। वहीं, आरोपित की पहचान मोहम्मद सरफराज के बेटे मोहम्मद साहिल के रूप में हुई है। वह शाहबाद डेरी इलाके में ही रहता है और मैकेनिक का काम करता है पुलिस उसे ढूंढने के लिए छापेमारी कर रही है।




दिल्ली पुलिस के मुताबिक, शाहबाद डेयरी थाना क्षेत्र में एक 16 वर्षीय लड़की की उसके प्रेमी ने चाकू मारकर हत्या कर दी, जिसकी पहचान 20 वर्षीय साहिल के रूप में हुई है। साहिल और नाबालिग रिलेशनशिप में थे, लेकिन कल (रविवार) उनका झगड़ा हो गया। लड़की अपनी दोस्त के बेटे के जन्मदिन में शामिल होने की योजना बना रही थी जब आरोपी ने उसे रोका, उस पर चाकू से कई बार वार किया और इसके बाद उस पर पत्थर दे मारा। दिल्ली पुलिस की मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सुमन नलवा ने बताया कि आरोपित अभी फरार है उसकी तलाश की जा रही है। घटना को लेकर शाहबाद डेयरी थाने में आईपीसी की धारा 302 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

**मैंने इतना डराने वाला केस कभी नहीं देखा- स्वाति मालीवाल**– इस वारदात को लेकर डीसीडब्ल्यू प्रमुख स्वाति मालीवाल ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, "मैंने इतना डराने वाला केस कभी नहीं देखा। दिल्ली महिलाओं और बच्चियों के लिए बहुत ही असुरक्षित और असंवेदनशील है।...जिस दिन इस देश की पुलिस व्यवस्था सुधर जाएगी उस दिन किसी की हिम्मत नहीं होगी कि किसी भी महिला या बच्ची के खिलाफ कुछ भी कर जाए, आज जो हो रहा है वे पूरी तरह से कानून व्यवस्था की असफलता को दशार्ता है।"

## हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर दर्दनाक घटना, निचितपुर फाटक पर 25 हजार वोल्ट के तार से छह जलकर राख



धनबाद। हावड़ा-नई दिल्ली रेल मार्ग पर सोमवार को दिल दहला लेने वाली घटना घटी है। धनबाद से गोमो के बीच निचितपुर हाल्ट के पास 25 हजार वोल्ट तार की चपेट में आकर छह लोगों की जल कर मौत हो गई है। कई दूसरे लोग भी बिजली तार की चपेट में आकर झुलस गए हैं। घटना को लेकर इस रेल मार्ग पर अप और डाउन में ट्रेनों का परिचालन रोक दिया गया है। हावड़ा-बीकानेर एक्सप्रेस धनबाद स्टेशन पर रोकी गई है। डाउन में आ रही कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस को तेतुलमारी स्टेशन पर रोका गया है। रेल अधिकारी और रेलवे के डाक्टर व पारा मेडिकल स्टाफ सड़क मार्ग से घटनास्थल के लिए रवाना हो गए हैं। धनबाद से दुर्घटना राहत मेडिकल यान भी रवाना हो चुका है। घटना को लेकर प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, धनबाद रेल मंडल में प्रधानखंता से बंधुआ तक लगभग 200 किमी रेल मार्ग पर ट्रेनों की गति 120 से 160 किमी प्रति घंटे करने को लेकर काम चल रहा है। सोमवार को रेलवे के टीआरडी विभाग की ओर से निचितपुर हाल्ट के रेल फाटक पास पोल लगाने का काम कराया जा रहा था। ऐसे काम के लिए ट्रैफिक ब्लाक की अनुमति लेनी होती है। क्रेन की मदद ली जाती है।

## 'मैंने कभी ये नहीं सोचा था', नए संसद भवन के उद्घाटन पर भावुक हुए देवेगौड़ा

नई दिल्ली। रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संसद के नए भवन का उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक मौके पर जेडीएस चीफ एचडी देवेगौड़ा भी मौजूद रहे। देवेगौड़ा संसद की अगली पंक्ति में बैठे दिखाई दिए। देवेगौड़ा ने संसद के नए भवन के उद्घाटन को ऐतिहासिक बताया और कहा कि उन्होंने कभी इसकी उम्मीद नहीं की थी।



**'ये मेरा सौभाग्य'**– पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि 'यह मेरा सौभाग्य है कि मैं भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बना। मैं 1962 में कर्नाटक विधानसभा पहुंचा था और 1991 तक विधानसभा का सदस्य रहा। मैं 32 साल पहले इस महान सदन का सदस्य बना था और मैंने कभी नहीं सोचा था मैं देश का प्रधानमंत्री बनूंगा और ये भी नहीं सोचा था कि इतने लंबे समय तक सार्वजनिक जीवन का हिस्सा रहूंगा।'

**'यह देश के लिए दुर्लभ क्षण'**– देवेगौड़ा ने कहा कि 'इससे भी बड़ी हैरानी की बात ये है कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं संसद के नए भवन में बैठूंगा। मैं 91 साल की उम्र में ये भी कर रहा हूं।' नए संसद भवन के उद्घाटन की अहमियत बताते हुए देवेगौड़ा ने कहा कि 'एक आम भारतीय जीवन में एक ही बार घर का निर्माण करता है और गृह प्रवेश बेहद ही पवित्र पल होता है। उसी तरह एक देश के लिए भी यह एक दुर्लभ क्षण है।'

**'भारत के लोग बहुत समझदार'**– जेडीएस चीफ ने कहा कि आजादी के बाद हमारी संसद ने कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। इसने अहंकार और विनम्रता भी देखी है और जीत और हार भी देखी है लेकिन इसने हमेशा बैलेंस बनाकर रखा और देशवासियों की उम्मीदों को पूरा किया। वयोवृद्ध नेता ने कहा कि भारत के लोग बहुत समझदार हैं, अगर वह देखते हैं कि कोई हमारे देश के संतुलन को बिगाड़ने की कोशिश कर रहा है तो वह चुपचाप ऐसे लोगों को इस महान सदन से बाहर कर देते हैं। बता दें कि संसद के नए भवन का 20 से ज्यादा विपक्षी पार्टियों ने बहिष्कार किया। हालांकि कई राजनीतिक पार्टियों के नेता इस कार्यक्रम में शामिल हुए। इन्हीं में जेडीएस चीफ एचडी देवेगौड़ा, वाईएसआर चीफ जगन मोहन रेड्डी, बीजद नेता नवीन पटनायक आदि मौजूद रहे।

## कुश्ती खिलाड़ियों के समर्थन में आईं मायावती, कहा- बेटियों को न्याय देने के लिए केंद्र आगे आए



लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने न्याय के लिए जंतर मंतर पर प्रदर्शन करने वाली कुश्ती खिलाड़ियों का समर्थन किया है। उन्होंने ट्वीट कर कहा कि विश्व कुश्ती में भारत का नाम रोशन करने वाली भारतीय बेटियां कुश्ती फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रमुख पर शोषण का आरोप लगा रही हैं। उनके गंभीर आरोपों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर आंदोलन करने को मजबूर हैं। इन बेटियों को न्याय दिलाने के लिए केंद्र सरकार को जरूर आगे आना चाहिए। विश्व कुश्ती में भारत का नाम रौशन करके गौरवपूर्ण स्थान पाने वाली भारतीय बेटियाँ कुश्ती फेडरेशन आफ इण्डिया के प्रमुख पर शोषण के गंभीर आरोपों के विरुद्ध कार्रवाई की माँग को लेकर आन्दोलन करने को मजबूर हैं। इन बेटियों को न्याय दिलाने के लिए केन्द्र सरकार को जरूर आगे आना चाहिए। जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे खिलाड़ियों को रविवार को पुलिस ने जबरन हटा दिया और उनके तंबू भी उखाड़ दिए। प्रदर्शन कर रही महिला खिलाड़ियों ने भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह पर शोषण का आरोप लगाया है। उसके खिलाफ केस दर्ज हो चुका है पर अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो सकी है।

## संपादकीय

# जब अधिकारी के सब्र का बांध टूटा

छत्तीसगढ़ के कांकेर में एक अधिकारी का मोबाइल फोन बांध के पानी में गिरा तो अधिकारी के सब्र का बांध ही टूट गया। उसने पंप लगा कर पूरे जलाशय को उलीचना शुरू कर दिया। गनीमत थी कि मोबाइल मिल गया, वरना अधिकारी महोदय जलाशय को पूरा ही सुखा डालते। बताया जा रहा है कि चार हजार एक सौ चार घन मीटर यानी इकतालीस लाख लीटर पानी बहा, तब जाकर उनके मोबाइल के दर्शन हुए और फिर जाकर उनको सुकून मिला। निस्संदेह मोबाइल महंगा और महत्त्वपूर्ण रहा होगा, तभी तो अधिकारी महोदय ने उसे तलाशने में यह विवेक भी खो दिया कि इस गर्मी के मौसम में इतने पानी से कितने लोगों की प्यास बुझ सकती थी, कितने खेतों की फसलें जी उठतीं। मगर फिर बात यह भी है कि वह अधिकारी ही क्या, जो अपने अधिकार का उपयोग और दुरुपयोग न करे। बताया जा रहा है कि साहब कुछ दोस्तों के साथ उस बांध पर सैर-सपाटे के लिए गए थे। मोबाइल से आत्मछवि उतार रहे थे कि मोबाइल हाथ से फिसल कर जलाशय में लीन हो गया। बस, साहब का कोप उस जलाशय पर फूटा और उन्होंने उसे कुछ उसी प्रकार उसे सुखा डालने का संकल्प ले लिया, जैसे राम ने समुद्र को सुखाने का लिया था। बस, आनन-फानन पंप मंगाए गए और उलीच दिया गया जलाशय। जाहिर है, इससे दोस्तों पर साहब का रोब भी पड़ा होगा। जिन साहब का फोन जलाशय में गिरा था वे छत्तीसगढ़ में खाद्य निरीक्षक के पद पर तैनात थे। अब वे उस पद पर नहीं हैं। वहां के जिलाधिकारी को जब इस घटना की खबर मिली तो उन्होंने उन साहब को निलंबित कर दिया। शायद उन साहब ने सोचा भी न होगा कि जिलाधिकारी महोदया उनके इस फैसले पर इस कदर कुपित हो जाएंगी। उन्हें निलंबित करने के पीछे तर्क दिया गया है कि उन्होंने बांध का पानी उलीचने के लिए संबंधित अधिकारी से आज्ञा नहीं ली थी। उन अधिकारी महोदय के भीतर कहीं न कहीं यह भरोसा रहा होगा कि एक अधिकारी दूसरे अधिकारी के मन की पीड़ा समझता ही है, तो फिर इतने भर से काम के लिए उसे अनुमति देने-लेने की झंझट में क्यों डाला जाए। इसलिए उन्होंने उस अधिकारी की तरफ से भी खुद ही फैसला ले लिया। ऐसे फैसले तो प्रशासन में लेने ही पड़ते हैं, लिए ही जाते हैं, वरना व्यवस्था चलने ही न पाए! एक अधिकारी दूसरे अधिकारी का समर्थन न करे या अपने आप उसका समर्थन न प्राप्त कर ले, तो फिर वह काम ही कैसे करेगा। हालांकि छत्तीसगढ़ के संबंधित अधिकारी महोदय का मोबाइल तलाश अभियान प्रशासनिक अधिकारियों के अपने शक्ति प्रदर्शन का एक उदाहरण भर है। पिछले साल की ही तो बात है, जब दिल्ली के अक्षरधाम वाले खेल गांव परिसर में एक अधिकारी महोदय ने स्टेडियम में अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों को इसलिए हुलकार कर निकाल दिया कि वहां उनके कुत्ते के घूमने का वक्त हो गया था। दरअसल, हमारे प्रशासनिक अधिकारियों को कार्य संस्कृति अंग्रेजी हुकूमत से विरासत में मिली है और उन्हें इस बात का अभिमान है कि उन्होंने उसे नष्ट नहीं होने दिया, बल्कि कुछ समृद्ध ही किया है। ऐसे में छत्तीसगढ़ वाले अधिकारी महोदय ने जो किया वह हैरान करने वाला नहीं। इसी हनक के चलते तो अधिकारियों का आम जन पर रोब-दाब बना रहता है। जनता का क्या है, वह तो भूखी-प्यासी रहने की अभ्यस्त है, रह लेगी।

## कांपी राजधानी !



रूकती ना दरिंदगी ।
है जारी अपराध ।।
कांपी राजधानी ।
है प्रगति निर्बाध ।।
राह चलते सरेआम ।
मौत घाट उतारा ।।
बढ़ी इतनी हिम्मत ।
डरा नहीं हत्यारा ।।
करती विचलित घटना ।
पनप रहे शैतान ।।
क्या बीती परिवार पर ।
ना कोई अनजान ।।
तथ्य जो कुछ आए ।
चिंता वाली बात ।।
हो गया अब आम ।
है पुनः आघात ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# राष्ट्र निर्माण में पत्रकारिता की भूमिका : डॉ. आरसी पांडेय



डिजिटल मीडिया के दौर में पहुंची हिंदी पत्रकारिता की यात्रा बेहद संघर्षपूर्ण रही है । ब्रिटिश सत्ता के तमाम प्रेस विरोधी कानूनों के आगे झुके बिना पत्रकारिता राष्ट्र उत्थान की दिशा में निरंतर आगे बढ़ती रही । आदि पत्रकारों को जेल जाना व जमानत देना मंजूर था लेकिन अपने सिद्धांतों से समझौता करना अस था । पाठकों के हितों को ध्यान रखते हुए उन्होंने सामाजिक चेतना जगाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई । वैसे देखा जाए तो पत्रकारिता का उद्भव ही देश उन्नति व राष्ट्र निर्माण के लिए हुआ था । युगुल किशोर शुकुल ने 30 मई, 1826 ई. को कलकत्ता से उदंत मार्तंड का प्रकाशन कर हिंदी पत्रकारिता कि नींव रखी । इस पत्र का प्रकाशन हिन्दुस्तानियों के हित हेतु हुआ था । स्वतंत्रता के पूर्व पत्रकारिता करना बेहद जोखिम भरा कार्य था । विपरीत परिस्थितियों में पत्रकारिता करना आदि पत्रकारों का जूनून था । वे पत्रकारिता को जनसेवा का माध्यम मानते थे । विदेशी हुकूमत की परवाह किए बिना जन-हित के मुद्दों को आवाज देना बहुत ही साहस का कार्य था । कृष्णबिहारी मिश्र हिंदी पत्रकारिता पुस्तक में लिखते हैं कि हिंदी समाज के हितों के लिए उदंत मार्तंड बराबर संघर्ष करता था जिसके लिए उसे बड़ी क्षति उठानी पड़ती थी । वैयक्तिक क्षति की ओर कम और अपने दायित्व के प्रति अधिक उसका ध्यान रहता था । यह बहुत ही गौरव व गर्व की बात है कि उदंत मार्तंड हिंदी का पहला पत्र होने के बावजूद अपने दायित्वों के प्रति बेहद सजग था । कलकत्ता से सन् 1854 ई. में प्रकाशित हिंदी का प्रथम दैनिक समाचार सुधावर्षण था जिसके संपादक श्यामसुंदर सेन थे । जातीय स्वाभिमान के प्रति निष्ठा के कारण इस पत्र को विदेशी सत्ता का कोपभाजन बनना पड़ा । हिंदी पत्रकारिता में कविवचन सुधा का स्थान ऐतिहासिक है । इसमें देश-दशा का यथार्थ चित्रण के साथ भारत की उन्नति पर बल दिया गया है । भारतेंदु हरिश्चंद्र ने इसका प्रकाशन नारी नर सम होहिं तथा स्वत्व निज भारत गहे की चेतना के प्रसार के लिए किया था । 23 मार्च ,1874 में कविवचन सुधा में प्रकाशित प्रतिज्ञा पत्र में भारतेंदु जी लिखते हैं कि किसी भी भांति का विलायती कपड़ा न पहिरेंगे हिंदुस्तान का ही बना कपड़ा पहिरेगें । देश की आर्थिक उन्नति के लिए भारतेंदु जी ने भारतीयों से स्वदेशी वस्त्र पहनने और विदेशी वस्त्रों के त्याग की अपील कर स्वदेशी आंदोलन की जमीन तैयार की । 15 अक्टूबर, 1873 ई. में प्रकाशित हरिश्चंद्र मैगजीन, जिसका नाम बदलकर जून, 1874 में हरिश्चंद्र चन्द्रिका कर दिया गया, का सिद्धांत वाक्य था हरिश्चंद्र की यह चंद्रिका प्रकाश जग मंगल करे । स्पष्ट है कि समाज में नई चेतना का प्रकाश फैलाना इसका अभीष्ट था । 1 जनवरी, 1874 ई. में प्रकाशित बाला बोधिनी का सिद्धांत वाक्य था नारी जो सोई पुरुष, यामैं कछु न विभक्ति के माध्यम से स्त्री-विषयक उपयोगी जानकारियां देकर स्त्रियों में समाजिक बराबरी की चेतना जागृत करने का कार्य किया । इसी तरह प्रयाग से सितंबर,1877 ई. में प्रकाशित हिंदी प्रदीप के प्रथम अंक में ही बालकृष्ण भट्ट ने स्पष्ट किया था कि मेरा मुख्य उद्देश्य देश की भलाई है इ्र पत्र को प्रकाशित करने में कदापि यह प्रयोजन नहीं है की इसे चलाकर रुपए एकत्र करें बल्कि देश की बुराईयों का शोधन, भलाई का संचार और उन्नति महापुरुषों का मुख्य तात्पर्य है । कविवचन सुधा में भारतीयों की एकता पर बल देते हुए भारतेंदु जी ने कहा कि भाईयों अब तो सन्नद्ध हो जाओ और ताल ठोक के इनके सामने तो खड़े हो जाओ और देखो भारत वर्ष का धन जिससे जाने न पावे, वह उपाय करो । आदि पत्रकारों का मानना था कि समाचार पत्र प्रजा का प्रतिनिधि स्वरूप होती है ( भारत मित्र ) । इसलिए प्रजा हित के मुद्दे ही समाचार पत्र में छाए रहते थे उसके लिए चाहे उन्हें विदेशी हुकूमत की नाराजगी ही मोल क्यों न उठानी पड़ती थी । सन् 1879 ई. में प्रकाशित सारसुधानिधि के द्वितीय वर्ष के 16वें अंक में लिखा गया कि - राजनीति और समाजनीति का संशोधन जैसा समाचार पत्रों में होता है वैसा दूसरे उपाय से नहीं हो सकता । इसमें पत्रकारिता पर दृढ़ विश्वास प्रकट करते हुए लिखा गया कि यह निश्चय है कि जो कुछ भारतवर्ष का हित होना है वह समाचार पत्रों से ही होना है । बीसवीं शताब्दी के प्रारंभिक दो दशकों में हिंदी पत्रकारिता में राष्ट्रीयता का उग्र रूप दिखलाई पड़ता है । इस दौर में हिंदी पत्रकारिता में राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में तेजी दिखती है । जन-जागरण से जुड़े मुद्दों पर पत्रकारिता में बेबाकी देखने को मिलती है । इस दौर की पत्रकारिता पर लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक का प्रभाव माना जाता है । स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है जिसे मैं लेकर ही रहूंगा का नारा देने वाले तिलक जी ने सन् 1881 ई. को मराठा और केसरी पत्र का प्रकाशन कर देशभक्ति की भावना का व्यापक प्रसार किया । इंडियन प्रेस प्रयाग की तरफ से सरस्वती पत्रिका का प्रकाशन 1900 ई. में हुआ । आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी सन् 1903 ई. में इसके संपादक बनते हैं । उन्होंने 1920 ई. तक संपादक कि जिम्मेदारी निभाते हुए हिंदी साहित्य व देश की अद्भुत सेवा की । उन्होंने सरस्वती के माध्यम से ज्ञान का प्रसार कर जन-जागरण पैदा किया । 'सरस्वती' के 1903 ई. अंक में कविता लिखकर स्वदेशी आंदोलन को गति प्रदान की - स्वदेशी वस्तु को स्वीकार कीजै/विनय इतनी हमारी मन लीजै /सपथ करके विदेशी वस्त्र त्योगो/न जाओ पास उसके दूर भागो । यशस्वी पत्रकार गणेश शंकर विद्यार्थी ने सन् 1913 ई. में कानपुर से तेजस्वी पत्र प्रताप का प्रकाशन किया । इसके पहले ही अंक में उन्होंने लिखा कि समस्त मानव जाति का कल्याण हमारा परमोद्देश्य है और इस उद्देश्य की प्राप्ति का एक बहुत बड़ा और जरूरी साधन हम भारतवर्ष कि उन्नति समझते हैं। महामना मदन मोहन मालवीय जी ने दैनिक लीडर( 1909 ई.), साप्ताहिक अभ्युदय( 1907 ई.) और मासिक मयार्दा( 1911 ई.) का प्रकाशन कर राष्ट्र-उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाई । सामाजिक जागरण के माध्यम से राष्ट्रीयता की भावना का जन-जन में प्रसार करने वाली अन्य प्रमुख पत्र-पत्रिकाओं में छतीसगढ़ मित्र, मतवाला, सुधा, चाँद, माधुरी, कर्मभूमि, विशाल भारत, कल्याण का नाम लिया जा सकता है । आजादी के पूर्व पत्रकारों ने देश की वास्तविक स्थिति का चित्रण बड़े ही निर्भीकता के साथ किया । उन्होंने अपने नफा-नुकसान की परवाह किए बिना सच को बड़े ही बेबाकी से दर्ज किया । आजादी के बाद भी हिंदी पत्रकारों ने राष्ट्र के नव-निर्माण में अपनी भूमिका का निर्वहन किया । आज पत्रकारिता का दिशा बहुआयामी हो गई है । विभिन्न समाजिक सरोकारों को पत्रकारिता के माध्यम से उठाया भी जा रहा है लेकिन यह भी सच है कि पत्रकारिता अब जन सेवा कि जगह शुद्ध रूप से व्यवसाय बन गई है । ऐसे में पत्रकारिता अपने मूल्यों व आदर्शों से च्युत हुई है । अधिकतर पत्रकार अपने वास्तविक दायित्वों से दूर दिखाई पड़ते हैं।

बावजूद इसके पत्रकारिता राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका तय कर रही है । राष्ट्र उन्नति के लिए पत्रकारिता में समय-समय पर जन जागरूक मुद्दों को उठाया जाता रहता है । इसमें लोकतंत्र के प्रति सजगता दिखती है । आज की पत्रकारिता को सामाजिक एकता को मजबूती प्रदान करते हुए राष्ट्र की मजबूती की दिशा में सक्रिय रहना चाहिए । स्वस्थ जनमत का निर्माण, शिक्षा का प्रसार , सामाजिक सद्भाव के प्रति पत्रकारों को सजग रहना चाहिए । राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में युवाओं की भूमिका बेहद अहम होती है क्योंकि यही आगे चलकर देश के भविष्य का निर्माण करते हैं । उनमें चारित्रिक दृढ़ता, राष्ट्रीय चेतना, वैज्ञानिकता तथा लोकतंत्र व राष्ट्र की अखंडता के प्रति आस्था पैदा कर विश्व नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करने के लिए पत्रकारिता को अपने दायित्वों का निर्वहन अनिवार्य रूप से करना चाहिए । हिंदी पत्रकारिता का इतिहास बेहद प्रेरणादाई है । इतिहास भविष्य की प्रेरणा देता है । पत्रकारिता के गौरवमयी अतीत से प्रेरणा लेकर आज के पत्रकारों को राष्ट्र की प्रगति में अपनी भूमिका की तलाश अवश्य करनी चाहिए ।

**( लेखक स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं )**

# लोगों को गरीब बनाता महंगा इलाज

चिकित्सा खर्च इस कदर जेब पर भारी पड़ रहा है कि हर साल कर्ज लेकर, संपत्तियां बेचकर इलाज कराने वाली सात-आठ प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे पहुंच जाती है। तैंतालीस फीसद कमाई इलाज पर खर्च हो जा रही है। ऐसे ज्यादातर मरीज कैंसर, हृदय और मानसिक रोगों से पीड़ित होते हैं। देश में स्वास्थ्य सेवाएं महंगी ही नहीं होती जा रहीं, मरीजों को गरीब भी बना रही हैं। लगातार बढ़ता चिकित्सा खर्च हर साल सात प्रतिशत आबादी को गरीबी रेखा के नीचे धकेल रहा है। आक्सफैम इंटरनेशनल की एक ताजा रिपोर्ट बताती है कि अगर भारत के अरबपतियों की पूरी संपत्ति पर दो फीसद की दर से एकमुश्त कर लगा दिया जाए, तो उसी राशि से देश में तीन साल तक कुपोषितों के पोषण के लिए 40,423 करोड़ रुपए की जरूरत पूरी की जा सकती है। इसी तरह देश के दस सबसे अमीर अरबपतियों पर पांच प्रतिशत का एकमुश्त कर लगा कर साल भर के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय के बजट की अच्छी-खासी भरपाई हो सकती है।

हमारे देश में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना, प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना, राज्य स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र योजना, जननी सुरक्षा योजना, सामाजिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता (आशा) योजना, एनआरएचएम फ्लेक्सी पूल, राज्यों में 108 एंबुलेंस सेवा, इंद्रधनुष टीकाकरण, ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता जैसी अनेक आधारभूत व्यवस्थाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन, तृतीयक देखभाल कार्यक्रम, स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (प्रजनन) आदि सरकारी इंतजामात के बावजूद दुनिया में सबसे ज्यादा (सालाना औसतन 11 लाख) नवजात बच्चों की मौतें भारत में हो रही हैं। हर साल दस लाख नवजात शिशुओं को गंभीर एचबीवी संक्रमण का खतरा रहता है। पैदा होने वाले प्रति एक हजार में से औसतन उनतीस नवजात की मौत हो जाती है। सेव द चिल्ड्रेन संस्था के मुताबिक, विश्व में नवजात शिशुओं की कुल मौतों में से उनतीस फीसद अकेले भारत में होती हैं।



गरीब परिवारों के लिए यह सच कितना दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे अपने बच्चों के इलाज का खर्च उठाने लायक नहीं रह गए हैं। अस्पतालों में भर्ती बच्चों पर केंद्रित एक अध्ययन से पता चलता है कि प्रति सौ परिवारों में से तेरह को इलाज में आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे ज्यादातर परिवार अगली धार के कार्यकताओं, जैसे आशा, आंगनबाड़ी, सहायक नर्स मिडवाइव्स की पहुंच से भी वंचित हैं। आयुष्मान भारत योजना के साथ भी पहुंच का सवाल जुड़ा है। बेतहाशा महंगे दवा-इलाज ने तेईस फीसद मरीजों को चिकित्सा से वंचित कर दिया है। सत्तर फीसद लोग अपनी जेब से इलाज करा रहे हैं। मेडिकल कालेजों, अस्पतालों, प्रशिक्षित डाक्टरों और नर्सों की कमी के चलते स्वास्थ्य सेवाएं तो पहले से ही चरमराई हुई हैं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकारी खर्च एक दशक से ऊंट के मुंह में जीरा की तरह सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 1.3 प्रतिशत पर ही टिका हुआ है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का हाल यह है कि सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में भूटान, श्रीलंका और नेपाल जैसे गरीब देशों का भी सालाना खर्च भारत से ज्यादा है। देश में आबादी सात गुना बढ़ गई, पर स्वास्थ्य सुविधाएं दोगुनी भी नहीं हो सकी हैं।

देश के कुल लगभग सत्तर हजार अस्पतालों में से साठ फीसद में तो पर्याप्त बिस्तर तक नहीं हैं। आनुपातिक तौर पर प्रति पैंसठ मरीज पर मात्र एक बिस्तर की उपलब्धता है। चिकित्सा खर्च इस कदर जेब पर भारी पड़ रहा है कि हर साल कर्ज लेकर, संपत्तियां बेचकर इलाज कराने वाली सात-आठ प्रतिशत आबादी गरीबी रेखा से नीचे पहुंच जाती है। तेंतालीस फीसद कमाई इलाज पर खर्च हो जा रही है। ऐसे ज्यादातर मरीज कैंसर, हृदय और मानसिक रोगों से पीड़ित होते हैं। आयुष्मान भारत स्वास्थ्य योजना की न तो फिलहाल दस करोड़ परिवारों तक पहुंच बन पाई है, न प्राथमिक उपचार के लिए पूर्व घोषित डेढ़ लाख हेल्थ ऐंड वेलनेस केंद्र बन सके हैं। एक तो निजी अस्पताल आयुष्मान योजना की तय सरकारी दरों पर इलाज के लिए सहमत नहीं हैं। दूसरे, पर्वतीय प्रदेशों को छोड़ कर अन्य राज्य इस योजना के तहत चालीस प्रतिशत इलाज का खर्च उठाने से कतराते हैं। बंगाल सरकार ने तो आयुष्मान भारत योजना को राज्य की स्वास्थ्य योजना में मिश्रित कर दिया है। नतीजे स्पष्ट हैं कि योजनाएं कागजी होकर रह गई हैं। देश की सवा अरब से अधिक आबादी के लिए स्वास्थ्य का मौजूदा ढांचा नितांत अपर्याप्त हो चला है।

शिक्षा और स्वास्थ्य के नाम पर 1990 के बाद से, देश में पता नहीं कितने अभियान, कार्यक्रम, नीतियां और निवेश सामने आ चुके हैं, तब भी स्वास्थ्य क्षेत्र में हालात जस के तस बने हुए हैं। देश में मानव संसाधनों का पारदर्शी इस्तेमाल न हो पाना भी इस विफलता की एक खास वजह है। अन्य क्षेत्रों की तरह स्वास्थ्य क्षेत्र के संसाधन भी मुट्ठी भर शक्तियों के हाथों में सिमट कर रह गए हैं। किसी जमाने में चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता था, पर अब इस पेशे ने नई तकनीकों से लैस होकर बाजार का बाना ओढ़ लिया है। सरकारें और स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी ध्यान दें तो गरीबों का निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज हो सकता है। ऐसे मरीजों के लिए निजी अस्पतालों में दस फीसद आरक्षित बिस्तर मुहैया कराने का स्पष्ट प्रावधान है। 2007 में दिल्ली उच्च न्यायालय ने गरीब मरीजों को आरक्षित बिस्तर उपलब्ध न कराने पर अस्पतालों पर भारी जुमार्ने का निर्णय दिया था। लगभग एक दशक पहले दिल्ली सरकार भी इस दिशा में पहल कर चुकी है।

## न्याय के लिए जारी है महिला पहलवानों का संघर्ष

एक माह से अधिक समय से जंतर-मंतर पर पहलवानों का धरना चल रहा है। बीते अनुभव यही बता रहे हैं कि मोदी सरकार में कोई भी धरना-प्रदर्शन लंबा ही चलता है, क्योंकि इंसाफ की मांग करने वालों का चीखते-चीखते गला सूख जाता है, मगर सरकार के कानों तक आवाज पहुंचती ही नहीं है। शाहीन बाग का आंदोलन, किसानों का आंदोलन, या मोदी सरकार के गठन के फौरन बाद 2015 में हुआ एफटीआईआई के छात्रों का आंदोलन हो, सब लंबे खिंचे क्योंकि संवाद का अभाव था। इसलिए पहलवानों का आंदोलन कितना लंबा खिंचेगा, कहा नहीं जा सकता।

कितनी हैरानी की बात है कि देश के नामी-गिरामी पहलवान यौन शोषण के गंभीर आरोप लगा रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही। दिल्ली पुलिस ने सर्वोच्च न्यायालय की पहल पर आरोपी बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दो एफआईआर दर्ज की है, जिसमें पॉक्सो के तहत भी मामला दर्ज हुआ है। लेकिन आरोपी पर कोई कानूनी कार्रवाई अब तक नहीं हुई है। बल्कि बृजभूषण शरण सिंह 5 जून को अयोध्या में जन चेतना महारैली का आयोजन करने जा रहे हैं। रैली का असल उद्देश्य क्या है, यह पता नहीं। लेकिन माना जा रहा है कि इस आयोजन के बहाने भाजपा सांसद हिंदू धार्मिक नेताओं की मदद से लोगों को अपने पक्ष में लामबंद करना चाहते हैं, ताकि सरकार उन पर कार्रवाई करने से बचे। बृजभूषण शरण सिंह के राजनैतिक महत्व को भाजपा जानती है, शायद इसलिए कोई कड़ा कदम अब तक नहीं उठाया गया है। भाजपा सांसद अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करते आए हैं और 19 मई को उन्होंने फिर कहा कि सारा मामला गुड टच और बैड टच का है। कोई भी ये बताए कि कहां हुआ, किसके साथ हुआ, अगर एक भी मामला साबित हुआ तो मैं फांसी पर लटक जाऊंगा।

सांसद को यह पता होना चाहिए कि मामला साबित होने का सही स्थान तो अदालत है, लेकिन वहां तक तो बृजभूषण शरण सिंह तभी पहुंचेंगे, जब वे खुद जाएंगे या उन्हें वहां तक आने के लिए बाध्य किया जाएगा। फिर सजा होनी है या नहीं, यह तय करना भी माननीय न्यायाधीशों का कार्य है। देश में न्याय अगर किसी सांसद के शक्ति प्रदर्शन से या पंचायतों से होने लगे तो फिर कानून व्यवस्था किस दुर्दशा को प्राप्त होंगे, ये कल्पना ही कठिन है। महिला पहलवानों के हक में खाप पंचायतों ने सरकार को चेतावनी दी है कि इस निष्क्रियता का परिणाम अच्छा नहीं होगा। मुमकिन है राजस्थान चुनाव और अगले साल होने वाले चुनावों को देखते हुए सरकार कोई कदम उठा ले। लेकिन इसमें इंसाफ की जगह राजनैतिक स्वार्थ की भावना हावी रहेगी। सरकार अगर जनवरी से ही इस बारे में कोई पहल करती तो माना जा सकता था कि उसका इरादा इंसाफ करने का है, अब तो हर कदम भरपाई ही लगेगा, बशर्ते कोई कदम सरकार उठाए।

महिला पहलवानों के लिए तो खाप पंचायतें आगे आ गईं, लेकिन लगभग हर क्षेत्र में इसी तरह महिलाएं शोषण का शिकार होती हैं। अभी तारक मेहता का उल्टा चश्मा शो की कुछ महिला कलाकारों ने शो के निमार्ताओं पर मानसिक शोषण के गंभीर आरोप लगाए हैं। एक कलाकार ने कहा कि शो का सेट पुरुषवादी है, यहां पुरुष कलाकारों को अधिक पारिश्रमिक मिलता है, वे अपना काम करके जल्दी भी जा सकते हैं, लेकिन महिला कलाकारों को इंतजार कराया जाता है। ग्लैमर की दुनिया से लेकर अखाड़े तक महिलाओं की व्यथा एक जैसी ही है। कार्यस्थलों पर महिलाओं के अधिकारों की रक्षा के लिए विधान को अस्तित्व में आए 10 वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। तब बलात्कार की परिभाषा व्यापक बनाने के लिए आपराधिक विधानों में भी पहली बार संशोधन किए गए थे और दंड से जुड़े प्रावधान सख्त बना दिए गए थे। हालांकि, इन सख्त प्रावधानों के बावजूद नई दिल्ली के जंतर मंतर पर महिला कुश्ती खिलाड़ियों के पिछले एक माह से अधिक समय से चल रहे धरना-प्रदर्शन को भारत सहित पूरी दुनिया मूक दर्शक बनकर देख रही है। ये खिलाड़ी भारतीय कुश्ती महासंघ के प्रमुख के हाथों कथित रूप से यौन उत्पीड़न की शिकार बनी खिलाड़ियों के लिए न्याय की मांग कर रही हैं।

## 'हेट स्पीच या हिन्दुओं को लक्ष्य बनाने का साम्यवादी षड्यंत्र? इस विषय पर विशेष संवाद

### देश एवं धर्म बचाने के विषय में हिन्दू बोले, तो क्या वह हेट स्पीच है ? - अधिवक्ता सुभाष झा, सर्वोच्च न्यायालय

अपने देश में हिन्दुओं के विरोध में अनेक राजकीय नेता एवं हिन्दूविरोधी लोग नियमितरूप से हेट स्पीच कर रहे हैं, उस विषय में किसी भी न्यायालय में अर्ज नहीं की गई । हेट स्पीच है क्या ? इसकी व्याख्या सुस्पष्ट होना आवश्यक है । वर्तमान में न्यायाधीश निर्णय देते हुए कानून बनाने लगे हैं । कानून बनाना, यह न्यायाधीशों का काम न होकर संसद का काम है । भारत के टुकडे न हों, इस विषय में हिन्दुओं में जनजागृति करना हेट स्पीच है क्या ?, यदि हिन्दू अपने देश एवं धर्म बचाने के विषय में बोल रहे हैं, तो क्या वह हेट स्पीच है ? ऐसा स्पष्ट प्रश्न सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष झा ने उपस्थित किया । वे हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा आयोजित हेट स्पीच अथवा हिन्दुओं को लक्ष्य बनाने का साम्यवादी षडयंत्र ? इस विषय पर विशेष संवाद में बोल रहे थे ।



अधिवक्ता सुभाष झा आगे बोले, भारत में हिन्दू अपने अस्तित्व की लढाई लढ रहे हैं । गत कुछ दशकों से निर्माण हुए अफगानिस्तान, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, म्यानमार, पाकिस्तान आदि देश भारत से तोड दिए गए । इनमें से अनेक इस्लामी राष्ट्र हो गए । वर्तमान में भारत के इस्लामीकरण करने के प्रयोग शुरू हैं । इस देश में पुनः अनेक टुकडे कर विभाजन किया जाएगा, इस संकट के विषय में हिन्दुओं को सजग करना चाहिए । यदि भारत को हिन्दू राष्ट्र घोषित नहीं किया, तो भारत का इस्लामीकरण होने में समय नहीं लगेगा ।

सुदर्शन चैनल के प्रधान संपादक श्री. सुरेश चव्हाणके बोले, अमेरिका में इस्लामोफोबिया के विषय में कानून बनाया गया है । भारत में ऐसा कानून नहीं बनाया जा सकता, इसलिए हेट स्पीच यह अगली आवृत्ती लाई गई है । हिन्दुओं की विविध सभाओं में हिन्दुओं में जागृति की जा रही है । इसलिए जिहादी अस्थिर हो गए हैं । हिन्दुओं की सभाओं में बोलनेवाले वक्ताओं और आयोजकों के विरोध में परिवाद प्रविष्ट कर उनमें भय उत्पन्न किया जा रहा है । हिन्दू जनजागृति समिति की जलगांव में आयोजित की हुई हिन्दू राष्ट्र-जागृति सभा में मेरे भाषण को हेट स्पीच का संदर्भ देकर मुझ पर परिवाद प्रविष्ट हुआ । हिन्दुत्वनिष्ठ विधायक टी. राजासिंह, काजल हिंदुस्तानी को हेट स्पीच के नाम पर बंदी बनाया गया था । इन सभी प्रकारों के विरोध में लढने हेतु अधिवक्ताओं का संगठन आवश्यक है ।

हिन्दू जनजागृति समिति के जलगांव जिला समन्वयक श्री. प्रशांत जुवेकर बोले, हम वर्ष 2008 से प्रतिवर्ष जलगांव में हिन्दू राष्ट्र-जागृति सभा लेकर जनजागृति कर रहे हैं; परंतु 25 दिसंबर 2022 को सभा लेने तक कानून एवं सुव्यवस्था बिगड गई हो, ऐसी कभी कोई घटना नहीं हुई । तब भी प्रशासन पर दबाव डालकर 9 मई 2023 को हिन्दुओं के विरोध में अपराध प्रविष्ट किया गया । वर्ष 2012 में मुंबई में रजा अकादमी ने सभा लेकर दंगे करवाए; तब वक्ताओं पर कोई अपराध प्रविष्ट नहीं हुआ । ऐसे धर्मांधों के अनेक उदाहरण दे सकते हैं । जलगांव में बिना कोई घटना घडे ही हिन्दुओं पर हेट स्पीच का अपराध प्रविष्ट हो जाता है, जो कि एक बडा षड्यंत्र है।

# डिजीशक्ति से तकनीकी रूप से दक्ष होंगे युवा : डा. दयाशंकर मिश्रा उर्फ दयालु

**पी0एम0 का डिजिटल इंडिया का सपना हुआ साकार - प्रो रजनीश कुंवर, हरिश्चंद्र महाविद्यालय में आयोजित हुआ टैबलेट वितरण कार्यक्रम**

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। हरिश्चंद्र पी०जी० कॉलेज मैदागिन स्थित उत्तर प्रदेश राजर्षी टंडन अध्ययन केंद्र में उत्तर प्रदेश सरकार की डिजीशक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों में टैबलेट वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया इस अवसर पर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार में आयुष , खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. दयाशंकर मिश्रा दयालु उपस्थित रहे`

मुख्य अतिथि के द्वारा छात्र-छात्राओं को टैबलेट प्रदान किया गया अच्छी क्वालिटी के कीमती टैबलेट पाकर छात्र - छात्राओं के चेहरे खिल उठे सभी ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री द्वारा युवाओं के तकनीकी तौर से मजबूत करने के लिए टैबलेट वितरित किये जाने की जमकर तारीफ की`



**छात्र छात्राओं को दिए टिप्स** - इस अवसर पर डॉ दयाशंकर मिश्रा ने विद्यार्थियों को कामयाबी के गुर सिखाये इन टैबलेट्स को अपने कैरियर को बनाने में सही इस्तेमाल करने की सलाह दी उन्होंने कहा की आज के डिजिटल युग में अच्छी शिक्षा हासिल करने के लिए इन गैजेटस की बहुत अहमियत है और खास कर कोरोना के बाद से पढ़ाई का माध्यम काफी हद तक ऑनलाइन हो गया है उन्होंने कहा कि इस योजना से डिजिटल क्रांति का आगाज होगा और विद्यार्थी तकनीकी रूप से दक्ष हो सकेंगे इससे छात्र छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी`

**छात्र - छात्राओं को साइबर क्राइम से सावधान रहने की हिदायत दी** - हरिश्चंद्र महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रजनीश कुंवर ने प्रदेश सरकार और मुख्यमंत्री का शुक्रिया अदा किया उन्होंने छात्र - छात्राओं को साइबर क्राइम से सावधान रहने की हिदायत दी अपने टैबलेट में डिजी ऐप जरूर इंस्टाल करने की सलाह दी` प्रो. कुंवर ने कहा कि आज के डिजिटल युग में तकनीकी ज्ञान का होना बेहद आवश्यक है उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल इंडिया के सपने को पूरा होते देखना निश्चित ही सुखद एहसास है आज भारत पारंपरिक ज्ञान के साथ साथ आधुनिक तकनीकी ज्ञान से भी लैस हो रहा है इस मौके पर टैबलेट प्राप्त किए विद्यार्थियों में गजब का उत्साह दिखा` इस मौके पर उत्तर प्रदेश राजश्री टंडन अध्ययन केंद्र हरिश्चंद्र महाविद्यालय के प्रोफेसर प्रभाकर सिंह ने बताया कि डीजीशक्ति योजना के अंतर्गत कुल 76 विद्यार्थियों को टेबलेट का वितरण किया गया। समारोह के विशिष्टअतिथि प्रोफेसर पंकज सिंह रहे एवं संचालन संजय श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर प्रोफेसर अनुपम ? शाही, प्रोफेसर अनुराधा राय ,डॉक्टर सुमित कुमार, डॉक्टर रोशन जायसवाल , डॉक्टर रामाशीष यादव ,सुश्री निधि , प्रोफेसर अनिल कुमार सहित सभी प्रोफेसर एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## सैनिक सेल द्वारा पुलिसकर्मियों की 1,276 समस्याओं का किया गया निस्तारण

लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा दिनांक 25.01.2023 को जनपद खीरी के विभिन्न थानों व कार्यालयों में तैनात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की समस्याओं का प्रमुखता से निस्तारण करने के लिए पुलिस ऑफिस खीरी में सैनिक सेल का गठन किया गया था। सैनिक सेल के माध्यम से दिनांक 25.01.23 से 25.05.23 तक पुलिसकर्मियों की कुल 1,536 समस्यायें प्राप्त हुई हैं, जिसमें 1,276 समस्याओं (83%) का त्वरित गति से समुचित निस्तारण कराया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा सैनिक सेल के माध्यम से अधिकारियों/ कर्मचारियों की समस्याओं के निस्तारण पर विशेष बल दिया जा रहा है ताकि पुलिसकर्मियों को अपनी समस्याओं को लेकर किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़ें।

## नकहा के केजीबीवि में विश्व माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस पर हुए आयोजन

लखीमपुर खीरी। विश्व माहवारी स्वच्छता प्रबंधन दिवस के मौके पर नकहा ब्लॉक के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्याल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय की छात्राओं द्वारा एक रैली निकाली गई एवं संगोष्ठी, स्लोगन व पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि और नकहा सीएचसी की अर्श काउंसलर श्वेता सिंह ने बताया कि किशोरावस्था में शारीरिक व मानसिक बदलाव तेजी से होते हैं। इस उम्र में किशोर और किशोरियां यौन, मानसिक तथा व्यावहारिक रूप से परिपक्व होने लगते हैं। ऐसे में उनके सामने ऐसे तमाम अनसुलझे सवाल, शंकाएं और जिज्ञासाएं होती हैं। इन मुद्दों पर सही जानकारी मुहैया कराने पर पूरा जोर है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला अस्पताल से लेकर सीएचसी स्तर पर राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरकेएसके) के तहत साथिया केंद्रों की स्थापना की गई है। इन केंद्रों पर प्रशिक्षित परामर्शदाताओं द्वारा किशोर-किशोरियों की शंकाओं और जिज्ञासाओं का समाधान तो किया ही जा रहा है, साथ ही उन्हें माहवारी स्वच्छता प्रबंधन, पोषण, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, चोट और हिंसा को रोकने और मादक पदार्थों के दुष्परिणामों के बारे में भी जानकारी दी जा रही है। संगोष्ठी में विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा मुस्कान यादव ने कहा कि माहवारी को लेकर अब समाज में बदलाव आने लगा है। अब से कई दशक पहले तक इसे बुरा, शर्म और संकोच का विषय माना जाता हो, लेकिन आज हम किशोरियां इसको लेकर खुलकर



चर्चा करते हैं। कोई समस्या होने पर नकहा सीएचसी के साथिया केंद्र की परामर्शदाता श्वेता सिंह से परामर्श लेते हैं। छात्रा काजल ने बताया कि मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना चाहिए। छात्रा दिव्यांगी और मानवी ने कहा कि माहवारी को लेकर यदि शुरूआत में ही संकोच नहीं तोड़ा गया तो आगे चलकर कुछ समस्याएं भी हो सकती हैं। छात्रा दिव्या ने बताया कि किशोरियों और महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान स्वच्छता के प्रति और जागरूक करने के लिए हर साल 28 मई को ह्यअन्तराष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवसह्न मनाया जाता है। विद्यालय की वार्डेन सुनैना वर्मा ने बताया कि कुछ समय पहले तक किशोरियां मासिक धर्म के बारे में बात करने में संकोच करती थीं। इस दौरान होने वाली समस्याओं के बारे में किसी को नहीं बताती थीं। नतीजा होता था कि उन्हें तमाम तरह की बीमारियां घेर लेती थीं। लेकिन अब मासिक धर्म पर बात करना, उस पर चर्चा करना और उपायों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विद्यालय की शिक्षिका डॉ. नीतू रॉय ने कहा कि माहवारी (मासिक धर्म) का आना शर्म या संकोच का नहीं बल्कि एक महिला के लिए स्वस्थ होने की निशानी है। उचित पोषण के लिए किशोरियों व महिलाओं के लिए तिरंगा भोजन अहम है। वहीं उनके बेहतर स्वास्थ्य के लिए माहवारी स्वच्छता प्रबंधन की जानकारी का होना भी बेहद आवश्यक है। इस मौके पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में मुस्कान बानो प्रथम, मुस्कान यादव द्वितीय व हिमांशी पांडेय तृतीय स्थान पर रहीं। इन विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। इसके अलावा स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर गांव में एक रैली भी निकाली गई।

## भाविप 'नीलकण्ठ' ने मनाया पांचवां दायित्व ग्रहण समारोह

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी । भारत विकास परिषद काशी प्रदेश उत्तर मध्य क्षेत्र द्वितीय के नीलकण्ठ शाखा का पांचवा दायित्व ग्रहण समारोह (सत्र 2023-24) का अंधरापुल स्थित एक होटल में आयोजन हुआ यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि आर.एस. गौतम (आईपीएस) पुलिस उप आयुक्त, काशी जोन तथा विशिष्ट अतिथि जयराम सिंह सह जिला विद्यालय निरीक्षक, वाराणसी तथा लक्ष्मी शंकर राजभर समाजसेवी सुहेलदेव जनकल्याण समिति एवं विशेष अपराध ब्यूरो के उपस्थिति में हुआ।



कार्यक्रम का नेतृत्व संरक्षक प्रवीण श्रीवास्तव व संचालन नन्दिनी सिंह ने किया मुख्य अतिथि ने कहा कि गैर राजनीतिक संस्था भारत विकास परिषद देश व समाज को नई दिशा व दशा दे रही है जो अत्यन्त ही सराहनीय है` इस कार्यक्रम के कार्यक्रम संयोजक संजीव-सरिता श्रीवास्तव, अनूप-प्रगति जायसवाल व राकेश आभा अग्रवाल रहें-रहीं कार्यक्रम का शुभारंभ मां भारती व स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि अर्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ मधुसूदन माही ने गणेश वन्दना कर सबको भावविभोर कर दिया` अतिथियों का स्वागत व सम्मान निवर्तमान अध्यक्ष महाबीर प्रसाद श्रीवास्तव ने किया प्रान्तीय अध्यक्ष प्रवीण पटेल ने शाखाध्यक्ष राकेश मौर्य, सचिव सीमा श्रीवास्तव, महिला संयोजिका किरन श्रीवास्तव व कोषाध्यक्ष राजीव गुप्ता को नव दायित्व हेतु शपथ दिलाई` प्रान्तीय सचिव रवि प्रकाश जायसवाल ने दस नये सदस्यों को परिषद की सदस्यता ग्रहण कराई तत्पश्चात प्रमुख क्विज मास्टर व बीकेजे आनलाइन के निर्मल जोशी ने शाखा के नव सदस्याओं व सदस्यों को लेबल पिन व बुके देकर संकल्प दिलाईं एवं अपने आशीर्वचन में अनुशासन के महत्व पर जोर दिया और कहा कि अनुशासन में रह कर ही नई ऊंचाई को प्राप्त किया जा सकता है क्षेत्रीय महासचिव नवीन श्रीवास्तव ने भारत विकास परिषद की गतिविधियों को विस्तार पूर्वक बताया एवं "देश हमें देता है सबकुछ, हम भी तो कुछ देना सीखे के सार्थकता पर जोर दिया व शाखा के विभिन्न प्रकल्पों हेतु प्रकल्प प्रमुखों को दायित्व निर्वहन हेतु शपथ दिलाई। गत वर्ष के गतिविधियों को निवर्तमान सचिव प्रदीप श्रीवास्तव ने पढ़ीं व सदस्यों द्वारा विशेष सहयोग हेतु निवर्तमान अध्यक्ष महाबीर प्रसाद श्रीवास्तव द्वारा अध्यक्षीय पुरस्कार दिया तथा काशी प्रान्त में शाखा का प्रतिनिधित्व प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुखों में कर रहे राजेश सोनी एवं नन्दिनी सिंह को अंगवस्त्रम प्रदान कर सम्मान किया इसी प्रकार निवर्तमान महिला संयोजिका यशोदा बरनवाल ने भी सत्र की सक्रिय महिलाओं को पुरस्कृत किया कार्यवाहक कोषाध्यक्ष अनूप गुप्ता ने आय व्यय का विवरण दिया इस समारोह में राष्ट्रीय, क्षेत्रीय व प्रांतीय दायित्वधारियों, अन्य शाखाओं के दायित्वधारियों, शाखा के पूर्व दायित्वधारियों, सदस्याओं, सदस्यों व बच्चों के साथ नये सदस्यगण उपस्थित रहें धन्यवाद ज्ञापन संकठा प्रसाद अस्थाना ने किया।

## ब्रेथ ईजी की निदेशिका सुनीता पाठक को मिला ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी से डॉक्टरेट की मानद उपाधि

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। जन स्वास्थ्य को समाज का मौलिक अधिकार बनाने के लिए संघर्षरत ब्रेथ ईजी अस्पताल की निदेशिका एवं ब्रेथ ईजी चेस्ट फाउंडेशन फॉर ह्यूमैनिटी की अध्यक्ष सुनीता पाठक को ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी द्वारा नई दिल्ली में डा. बी आर अम्बेडकर ऑडिटोरियम में आयोजित समारोह में समाज सेवा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की है जी.एच.पी.यु (अमेरिका), आई.ए.एफ, आई.ए.एस, आई.एस.ओ और ग्लोबल पीस यूनिवर्सिटी ने सुनीता पाठक के इस अभियान को न सिर्फ सराहा है बल्कि स्वास्थ्य को भारत में मौलिक अधिकार बनाने की उनकी मुहिम को एक अंतरारष्ट्रीय पहचान भी बतायी है` गौरतलब है कि ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी रिसर्च और ऐकेडेमिक्स में दुनिया की सबसे विशाल नेटवर्क वाली संस्थान है जीपीयू के जर्मनी, फ्रांस, ब्रिटेन, नॉर्वे, इटली ,कनाडा समेत कई यूरोपीय देश और अमेरिका में ग्लोबल पीस यूनिवर्सिटी के रीजनल सेंटर हैं` वाराणसी जैसे शहर में रहते हुए पूर्वांचल के आजमगढ़, लालगंज, बलिया, जौनपुर, गाजीपुर आदि जैसे छोटे शहरों ,गांवों में समाज की सेवा करने और जागरूकता पैदा करने के लिए धैर्य, जुनून, उत्साह और एक न बुझने वाली आग को सुनीता पाठक ने पिछले 22 सालों से कर दिखाया है जो कि असमान्य हैं इसी असाधारण जूनून को ग्लोबल ह्यूमन पीस यूनिवर्सिटी ने पिछले दिनों नई दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में सराहा है और सुनीता पाठक को सम्मान दिलाया हैं गौरतलब है कि सुनीता पाठक जी को जन स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि से नवाजे जाने से पूर्वांचल एवं ब्रेथ ईजी का भी सम्मान बढ़ा है।

## हाशिये पर रहने वाले परिवारों के लिए अनाज बैंक श्रेष्ठ मॉडल

प्रखर केराकत जौनपुर। विशाल भारत संस्थान द्वारा संचालित विश्व के पहले अनाज बैंक की जौनपुर शाखा ने भूख की पीड़ा से मुक्ति दिलाने हेतु बड़ा कदम उठाया है। मुसहर, नट एवं घुमन्तु जातियों को अनाज की गारंटी और बच्चों को

**भूख से मुक्ति दिलाकर पीड़ित मानवता की सेवा कर रहा है अनाज बैंक- डीआईजी**

भूखे पेट न सोने देने के लिए केराकत में अनाज बैंक ने मुसहर परिवार की महिलाओं को पासबुक एवं अनाज वितरण कार्यक्रम एवं "अनाज बैंक : हाशिये पर रहने वाले परिवार को परिस्थितिजन्य भूख से मुक्ति हेतु सामजिक प्रयास" विषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वाराणसी परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक अखिलेश चौरसिया ने नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीपोज्वलन कर राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन किया।

अनाज बैंक की प्रबन्ध निदेशक डॉ० अर्चना भारतवंशी ने जब सम्मान से मुसहर परिवार की महिलाओं को पासबुक लेने के लिए आमंत्रित किया तो उनके आंखों से आंसू छलक गए। डीआईजी अखिलेश चौरसिया ने 50 मुसहर महिलाओं को पासबुक देकर भूख से मुक्ति की गारंटी का प्रमाण पत्र दिया। साथ ही उनकी रसोई के लिए आटा, दाल, चावल, तेल, मसाला, नमक वितरित किया। जो मुसहर परिवार कड़ी मशक्कत के बाद भी महीने में 5 दिन फांका करने को मजबूर था अब वह निश्चिंत है कि अनाज बैंक से उसे अधिकार के साथ अनाज मिल जाएगा। बच्चों को भूखे नही सोना पड़ेगा।

अनाज बैंक में दो तरह के खाताधारक है प्रथम- वो जिनका पेट भरा है, जमा खाताधारक है। 5 किलो अनाज देकर अपना खाता खुलवा सकते है। इनको ब्याज के रूप में 5 से 10 किलो जमा करने पर संतोष, 11 किलो से 20 किलो जमा करने पर दुआ, 21 किलो से




50 किलो जमा करने पर पुण्य, जीवन भर जमा करने पर मोक्ष मिलता है। यह भारतीय संस्कृति का आध्यत्मिक ब्याज है। द्वितीय-निकासी खाताधारक वो हैं जो भूख से पीड़ित हैं। इनको पात्रता के आधार पर प्रति सप्ताह या प्रति माह 5 किलो अनाज दिया जाता है। इसमें मुसहर, नट,बाँसफोर एवं घुमन्तु जातियों के अलावा विधवा, तलाकशुदा, 70 वर्षीय वृद्ध एवं निराश्रित बच्चों को निकासी खाताधारक बनाकर अनाज दिया जाता है। लक्ष्मी बहुत खुश थी, अनाज बैंक के पासबुक को पाकर, उसे लगा कि उसे कोई खजाना मिल गया हो। अनाज बैंक के निकासी खाताधारकों को प्रति माह अनाज मिलने की गारंटी रहती है। विशाल भारत संस्थान की ओर से आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में अपना विचार व्यक्त करते हुए डीआईजी अखिलेश चौरसिया ने कहा कि भूख से मुक्ति दिलाना पीड़ित मानवता की सेवा है। अनाज बैंक एक बेहतर मॉडल है जो सामाजिक प्रयासों से चलता है। सामाजिक सहभागिता के आधार पर चलने वाले अनाज बैंक की आवश्यकता हमेशा रहेगी क्योंकि परिस्थितिजन्य भूख का शिकार तो कोई भी कभी भी हो सकता है।

अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक दिनेश चौधरी ने कहा कि आपदाओं और परिस्थितियों से जूझते समाज को भूख की पीड़ा सबसे अधिक होती है। अनाज बैंक के कार्य को अनिवार्य सेवा के रूप में लिया जाना चाहिए। दुनियां को इस मॉडल को अपनाना चाहिए। गैर सरकारी प्रयास से ही बेहतर सेवा की जा सकती है। भूखे को रोटी देने से बड़ी सेवा और क्या हो सकती है।

विशाल भारत संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ० राजीव श्रीगुरूजी ने कहा कि मुसहर, नट, बाँसफोर एवं घुमन्तु जातियों के साथ भूख का संकट है। इन जातियों को भूख से मुक्त करना और संरक्षित करना अनाज बैंक की प्राथमिकता है। पेट भरो आन्दोलन दुनियां के लिए प्रभावशाली आन्दोलन में से एक होगा और सामाजिक संबंधों को मजबूत करने वाला बनेगा।

अनाज बैंक के डिप्टी चेयरमैन ज्ञान प्रकाश ने कहा कि अनाज बैंक उन क्षेत्रों में खोला जाएगा जहां भूख की समस्या है। सड़क पर रहने वाले समुदाय, तलाकशुदा, विधवा, 70 वर्ष के निराश्रित अनाज बैंक के लक्षित समूह में शामिल है। संचालन डॉ० अर्चना भारतवंशी के किया एवं धन्यवाद नौशाद ने दिया। कार्यक्रम में नजमा परवीन, नाजनीन अंसारी, इली भारतवंशी, खुशी भारतवंशी, उजाला भारतवंशी, दक्षिता भारतवंशी, डॉ० धनंजय यादव, महेन्द्र प्रताप सिंह, सर्वेश दीक्षित, प्रमोद त्रिपाठी, मो० आजम शेख, ओबैद शेख, संतोष प्रधान, फरहान, राम भवन यादव, विनोद चौहान, अकसम सिद्दीकी, सादिक प्रधान, भुल्लन, रमेश सिंह, सुभाष विश्वकर्मा, हिमांशु राय, रीता देवी, नीतू देवी, नरेन्द्र प्रताप सिंह, एहतेशाम अहमद, सपन कुमार शुक्ला, मकालू सोनकर, प्रमोद त्रिपाठी, लियाकत अंसारी, सुभाष यादव, इसहाक अहमद, डॉ० तौसीफ अहमद, मुजम्मिल शेख, गुफरान शेख, इरफान अहमद, भइया लाल यादव, रमेश कुमार सिंह, ओबैदुल्लाह शेख, शौकत शेख, अंसार अहमद, अब्दुर्रहमान, मो० अशहद आदि लोगों ने भाग लिया।

## संक्षिप्त खबरें

### 1 जून को होगा स्वनिधि महोत्सव का आयोजन, स्ट्रीट वेंडरो को किया जाएगा एक्टिव

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। डिप्टी कलेक्ट्र परियोजना अधिकारी डूडा ने बताया है कि पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत एक जून को स्वनिधि महोत्सव का आयोजन किया जायेगा। शासन स्तर से स्वनिधि महोत्सव के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों के संबंध में व्यापक दिशा निर्देश जिला प्रशासन को प्राप्त हो गये है। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं अपर जिलाधिकारी अरूण कुमार सिंह के नेतृत्व में स्वनिधि योजना को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू कराने के लिए जिला मुख्यालय पर स्वनिधि महोत्सव का आयोजन कराया जायेगा। एक दिवसीय स्वानिधि महोत्सव के आयोजन के दौरान इस योजना के अन्तर्गत प्रथम, द्वितीय और तृतीय ऋण के लिए आवेदन पत्र प्राप्त करना तथा आवेदन पत्रों को स्वीकृत कराकर ऋण वितरित करने के साथ-साथ सभी इन-एक्टिव वेण्डर्स को डिजिटली एक्टिव बनाने और कैशबैक के लाभ से अवगत कराकर अधिक से अधिक डिजिटल लेन देन को प्रेरित करना है। अच्छी ऋण साख, डिजिटल लेन-देन का प्रयोग करने वाले एवं सभी वेण्डर्स को चिन्हित कर प्रथम को सम्मानित भी किया जायेगा। वेण्डर्स के परिवारों को इस महोत्सव में प्रतिभाग करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जायेगा ताकि वह योजना का लाभ प्राप्त करने के उपरान्त अपने अनुभव को साझा कर सके। योजना के बारे में जानकारी देने और स्ट्रीट वेण्डरों की समस्याओं के समाधान के लिए जनपद स्तरीय हेल्प डेस्क बनायी जायेगी जिसका शुभारम्भ भी स्वनिधि महोत्सव के दौरान होगा। स्ट्रीट वेण्डर्स को एक्टिव बनाने में रूचि दिखाने वाले कर्मियों को भी सम्मानित करने के निर्देश दिये गये। स्वयं सहायता समूह के उत्पादों के प्रदशनी और नुक्कड नाटक सहित विभिन्न माध्यमों से योजनाओं की विशेषताओं से लोगों को जोड़ने के लिए भी प्रभावी कदम उठाये जायेंगे। स्ट्रीट वेण्डर्स एवं उनके परिवार के सदस्यों के स्वास्थ परीक्षण के लिए चिकित्सा शिविर भी लगाया जायेगा।

### जौनपुर : जश्ने दस्तार हिफजुल कुरान का कार्यक्रम सफलता पूर्वक हुआ संपन्न



प्रखर जौनपुर। शहर के रिजवी खां सराय मोहल्ले में मदरसा मोहम्मदिया में जश्ने दस्तार हिफजुल कुरान का एक कार्यक्रम रखा गया। जिसमें उक्त मदरसे में पढ़ने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर उनकी हौसला अफजाई की गई। इस मौके पर अमन को हाफीजा करने पर उक्त कार्यक्रम में विशेष रूप से समान्नित करते हुए ,प्रशस्ति पत्र दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत तिलावते कुराने पाक से हजरत कारी शब्बीर अहमद चिश्ती ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना अब्दुल कुद्दुस ने की वही सदारत मौलाना अब्दुल हक ने किया इस मौके पर विशेष महमान के रूप में बरकत रसूल खैरी ने बताया कि कुरान को पढ़ लेना बड़ी बात नहीं है उस पर अमल करना बड़ी बात है जो बच्चे मदरसे से पढ़कर निकल रहे हैं वह दीन और दुनिया में कामयाबी हासिल करने के लिए दीन पर चलते हुए दुनिया की फिजूल चीजों से दूर रहें और हर बुराइयों से अपने आप को बचाएं कार्यक्रम की निजामत मौलाना महमूद आलम ने किया इस मौके पर मुख्य रूप से हाजी हबीब, अजीमुल्ला, अमिर उल्लाह राइनी आदि लोग मौजूद रहे।


### एसडीएम ने ईंट भट्ठो पर मारा छापा, एक लाख जमा कराया



प्रखर जौनपुर। केराकत तहसील प्रशासन व राज्य कर विभाग की संयुक्त टीम ने सोमवार को कई ईंट भट्ठों पर छापा मारा गया। इस दौरान ईंट भट्ठों पर खामियां मिली, उपजिलाधिकारी ने खामियों को दूर करने का निर्देश देते हुए एक लाख रुपए की राजस्व वसूली की और एक ट्रैक्टर कब्जे में ले लिया। जिलाधिकारी के निर्देश पर जीएसटी के अपर कमिश्नर मनीष राय, उपजिलाधिकारी नेहा मिश्रा, नायब तहसीलदार वीरेंद्र यादव सहित राजस्व टीम के साथ तहसील के कई भट्ठो पर छापेमारी की। बांसवारी गांव स्थित केके ईट उद्योग के नाम से संचालित फर्म ने पिछले पांच साल से रॉयल्टी व दो साल से जीएसटी नहीं जमा किया, वहां पर एक ट्रक कोयला बरामद किया गया, जो रामपुर में किसी भट्ठे के नाम से भेजा गया था। जिस पर कार्यवाही करते हुए 41 हजार को पेनाल्टी जमा कराई गई। रायल्टी व जीएसटी जमा कराने का निर्देश दिया गया। हनुमान नगर में ओम ईट उद्योग के नाम से भट्ठा चलाया जा रहा था जिसका न तो पंजीकरण था, न जीएसटी थी और  और बिना प्रदूषण के संचालित के ईट भट्ठा का संचालन किया जा रहा था। उसके खिलाफ कागजी? कार्यवाही कर जीएसटी विभाग कि सौंप दिया गया। इसी तरह कुसरना में जयप्रकाश ईट उद्योग एवं सिंह ईट उद्योग के नाम से भट्ठा चलाया जा रहा था जहां पर कोई कागजात नहीं मिला। एसडीएम ने वहां से एक ट्रैक्टर को कब्जे में ले? लिया व दो दिन के भीतर रॉयल्टी जमा कराने तथा एक हफ्ते के भीतर जीएसटी का पंजीकरण व अन्य कागजात बनवाने का निर्देश दिया गया और 59500 रुपए की आरसी तत्काल जमा कराई गई । प्रशासन द्वारा की गयी कार्रवाई से अन्य ईंट भट्ठा संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

### अवैध शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही

मितौली खीरी। कोतवाली प्रभारी मितौली आलोक कुमार धीमान नें पुलिस अधीक्षक खीरी द्वारा अवैध शराब की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी मितौली के कुशल पर्यवेक्षण मे थाना मितौली पुलिस उपनिरीक्षक आदित्य प्रताप सिंह, देवकरण शर्मा, हेड कानिस्टबिल राजेंद्र यादव, कानिस्टबिल नबी आलम, किसन, ऋषभ सिंह, कृष्ण गिरी, अरुण,आबकारी कानिस्टबिल राजेश, रूपनाथ ने वहद गांव टेभंरा से अभियुक्त सुशील कुमार पुत्र परमेश्वर दीन निवासी ग्राम टेंभरा थाना मितौली खीरी को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ, कचियानी पुरवा मोड व ग्राम कचियानी के निकट से अमित पुत्र छत्रपाल निवासी ग्राम कचियानी थाना मितौली खीरी को करीब 10 लीटर अवैध शराब के साथ व कामता प्रसाद पुत्र महादेव निवासी ग्राम ढखिया थाना मितौली खीरी के कब्जे से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब व शराब बनाने के उपकरण के साथ, ग्राम गणेशपुर के पास से अभियुक्त दिनेश पुत्र स्वर्गीय अर्जुन लाल निवासी ग्राम गणेशपुर थाना मितौली खीरी को करीब 10 लीटर अवैध शराब के साथ, जवाहर नवोदय विद्यालय वहद कस्बा मितौली मिथुन पुत्र जसकरन निवासी कस्बा व थाना मितौली को 10 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध आबकारी एक्ट पंजीकृत किया गया थानाध्यक्ष ने विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया।



# महेश बाबू की बेटी सितारा के हाथ लग गई बड़ी डील

**चेन्नई।** सुपरस्टार्स के साथ-साथ उनके बच्चों पर भी फैंस की निगाहें टिकी रहती हैं। लोग यह जानने में दिलचस्पी रखने लगते हैं कि क्या यह भी फिल्मों में काम करेंगे या नहीं। इसी कड़ी में साउथ सुपरस्टार महेश बाबू की बेटी सितारा घट्टामनेनी इस समय जबरदस्त सुर्खियां बटोर रही हैं। सितारा ने महज 10 की उम्र में एक जूलरी ब्रांड के लिए शूट किया है, सितारा सोशल मीडिया पर एक मशहूर हस्ती हैं। वहीं, अब उन्होंने एक बड़े जूलरी ब्रैंड के लिए विज्ञापन शूट किया है, जिसे देखकर यह साफ होता है कि सितारा महज 10 की उम्र में तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री से इतनी बड़ी डील हासिल करने वाली पहली स्टारकिड बन गई हैं।

## लाइफ Style



# निहारिका बताया फार्मूला

एजेंसी ▶▶ मुंबई

निहारिका रायज़ादा जिन्हें अभी हाल ही में हमने 'आईबी71' फिल्म में देखा और जिन्हें अपने रोल के लिए काफी सराहना मिल रही है, उनका मानना है कि हमें अच्छी फिल्मों के माध्यम से ऑडियंस को फिर से वापस सिनेमाघरों में लाना होगा।

निहारिका जो कि म्यूजिक कंपोजर ओ.पी.नय्यर की पोती है , उनका कहना है , मुझे लगता है सिनेमा घरों को कभी भी बंद नहीं होना चाहिए। आज ओटीटी की वजह से लोग सिनेमाघरों में फिल्म देखने के लुत्फ़ को भूलते जा रहे है। लेकिन हमें अच्छी फिल्में बनानी चाहिए और ऑडियंस को फिर से सिनेमाघरों में वापस लाना चाहिए। ओटीटी से पहले के वक़्त को याद करते हुए उन्होंने कहा, एक वक़्त हुआ करता था जब लोग गेटी, गैलेक्सी जैसे सिनेमाघरों के बाहर लाइन लगाकर अपने चहेते सितारों को देखने के लिए खड़े हुआ करते थे। आज हर कोई अपने घर बैठे फ़ोन पर क्लिक दबाकर उन्हें देख रहा है। लेकिन जो मजा सबके साथ सिनेमाघर में फिल्म देखने से मिलता था वह घर बैठे फिल्म देखने में कहा ? निहारिका ने 'आईबी71' फिल्म में 30 एजेंट्स के बीच एक इकलौती फीमेल एक्ट्रेस का रोल निभाया। अपनी फिल्म और अपने रोल के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, श्फिल्म बहुत ही रियल और सस्पेंस से भरी हुई है। फिल्म को बहुत अच्छी तरीके से बनाया है। मुझे फिल्म के सेट पर सबसे बहुत प्यार मिला। क्योंकि फिल्म में मैं अकेली फीमेल थी जो एक एजेंट का रोल निभा रही थी सेट पर ,हर कोई मेरे साथ बहुत अच्छे से पेश आता था।

## हॉलीवुड मसाला



# आखिर क्यों वायरल हुए मर्फी

**लॉस एंजेलिस।** जाने माने हालीवुड एक्टर सिलियन मर्फी इन दिनों इंस्टाग्राम रील्स पर वायरल हैं। द डार्क नाइट राइजेज ट्रायोलोजी, इंसेप्शन और डंकर्क जैसी कई कामयाब फिल्मों में काम कर चुके आयरलैंड के कॉर्क शहर के सिलियन मर्फी को सीरीज पीकी ब्लाइंडर्स से पहले शायद ही किसी ने नोटिस किया होगा। इस सीरीज में उनके किरदार थॉमस शेल्बी को खूब पसंद किया गया। सीरीज ने उन्हें ऐसी पहचान दी कि दुनियाभर में लोग उनके दीवाने हो गए।




# चर्चा में आने बिल्ली बनकर पहुंची रैपर

**न्यूयार्क।** मेट गाला इवेंट में जहां सेलेब्स की डिजाइनर ड्रेसेस ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा, तो वहीं इस साल की कैट थीम काफी हिट रही। सिंगर और रैपर डोजा कैट का बिल्ली वाला लुक सोशल मीडिया पर छाया हुआ है। न्यूयॉर्क में हुए मेट गाला 2023 में रेड कार्पेट पर सेलेब्स ने अपने यूनिक ड्रेसिंग स्टाइल से सभी को अपनी ओर आकर्षित किया। इस बार मेट गाला की थीम फेमस फैशन डिजाइनर कार्ल लेगरफेल्ड के सम्मान में रखी गई थी। कार्ल लेगरफेल्ड की मौत के बाद से उनकी बिल्ली चौपट के लुक में कई सितारे रेड कार्पेट पर पहुंचे, जिसमें डोजा कैट ने सभी को अट्रैक्ट किया। डोजा कैट ने फेस से लेकर ड्रेस तक पूरा कैट लुक बनाया था।



# अब अंग्रेजी फिल्म में दिखेंगी सामंथा

**मुंबई।** एक्ट्रेस समांथा आखिरी बार फिल्म 'शकुंतलम' में नजर आई थीं। वह जल्द ही 'सिटाडेल' वेब सीरीज में दिखने वाली हैं, जिसका निर्देशन राज और डीके कर रहे हैं। इसे रूसो बदर्स प्रोड्यूस कर रहे हैं। इस बीच यह जानकारी सामने आई है कि अभिनेत्री अब अपनी अगली फिल्म की शूटिंग शुरू करने जा रही हैं। फिल्म का नाम 'चेन्नई स्टोरी', जो एक अंग्रेजी फिल्म है। तमिल में भी इस फिल्म को रिलीज करने की प्लानिंग की गई है। फिलिप जॉन द्वारा निर्देशित फिल्म एक आगामी अंग्रेजी रोम-कॉम है और इसमें सामंथा और विवेक कालरा प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म जल्द ही फ्लोर पर जाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, 'चेन्नई स्टोरी' एक ऐसे युवक के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी मां के गुजर जाने के बाद चेन्नई की यात्रा करता है।



# अमिताभ ने खुद को बता दिया मूर्ख

**मुंबई।** बॉलीवुड के शहंशाह यानी अमिताभ बच्चन दर्शकों से अपनी फिल्मों के साथ-साथ सोशल मीडिया पोस्ट और ब्लॉग के जरिए भी जुड़े रहते हैं। इसी कड़ी में बिग बी ने शनिवार को एक ब्लॉग लिखा, जिसमें उनके एक चूक हो गई। वहीं, अब रविवार को सदी के महानायक ने अपनी गलती सुधारते हुए लोगों से माफी मांग ली है। साथ ही खुद को 'मुर्ख' तक बता दिया है। अमिताभ बच्चन ने शनिवार को लिखे अपने ब्लॉग में दिवंगत गायक बॉब डायलन के एक गीत का श्रेय बीटल्स को दे दिया था। इसी को लेकर बिग बी ने माफीनामा जारी किया है। अपने नोट में, अमिताभ ने यह तक लिखा कि वह रविवार को जलसा में अपने प्रशंसकों से मिलने के लिए काम खत्म करने की बेहद कोशिश कर रहे थे।

## टीवी मसाला



# फेमस यूट्यूबर बनेगा सल्लू के शो का हिस्सा

**मुंबई।** पॉपुलर शो 'बिग बॉस ओटीटी' के पहले सीजन की सफलता के बाद अब मेकर्स शो का दूसरा सीजन ला रहे हैं। 'बिग बॉस' के इस नए सीजन को करण जौहर के बजाए सलमान खान होस्ट करने वाले हैं। शो का दूसरा सीजन पहले से ज्यादा बोल्ड होने वाला है। शो में सलमान ओटीटी पर कंटेस्टेंट की क्लास लगाते हुए नजर आएंगे। दो जून को शो का ग्रैंड प्रीमियर किया जाएगा। हाल ही में एक छोटे टीजर के जरिए इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। बिग बॉस ओटीटी 2 जियो सिनेमा और वूट पर स्ट्रीम किया जाएगा। इस बार शो में कुल 10 कंटेस्टेंट्स हिस्सा लेंगे। इस बीच खबर है कि पॉपुलर यूट्यूबर अनुराग डोभाल बीबी ओटीटी के अपकमिंग सीजन के पहले कंफर्म कंटेस्टेंट हैं। अनुराग उर्फ यूके 07 राइडर को भारत में नंबर वन मोटोव्लॉगर माना जाता है और फिलहाल उनके यूट्यूब चैनल 'द यूके 07 राइडर' पर 6 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं। वह देहरादून के रहने वाले हैं और इंस्टाग्राम पर उनके 3.5 मिलियन फॉलोवर्स हैं। सूत्रों के मुताबिक, अनुराग पहले कंटेस्टेंट हैं, जिन्होंने बीबी ओटीटी 2 का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है।

## खतरों के खिलाड़ी शो छोड़ वापस आएंगे रोहित

**मुंबई।** रोहित शेट्टी का मशहूर रियालिटी सो खतरों के खिलाड़ी का 13वां सीजन लोगों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इसमें दर्शक 14 लोकप्रिय हस्तियों को अपने डर पर जीत हासिल करने के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलते देखेंगे। रोहित शेट्टी के नेतृत्व वाले शो में भाग लेने वाले निडर प्रतियोगियों में से एक रोहित रॉय भी हैं। रोहित शोबिज की दुनिया के सबसे लोकप्रिय अभिनेताओं में से एक हैं और वर्तमान में शो की शूटिंग के लिए दक्षिण अफ्रीका के केप टाउन में हैं। हालांकि, एक हालिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि वह इस शो की शूटिंग अचानक छोड़कर वापस मुंबई लौट सकते हैं। ई-टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, रोहित रॉय को स्टंट करते हुए घायल हो गए हैं। एक सूत्र ने पब्लिकेशन को बताया कि शो की प्रोडक्शन टीम (एंडेमोल) उनके पार्टिसिपेशन को बनाए रखने के लिए सभी विकल्पों पर विचार कर रही है।



# एक छत के नीचे इकट्ठा हुए इंडस्ट्री के तीनों खान

**मुंबई।** यहां सोशल मीडिया पर सितारों के चाहने वाले आपस में लड़ते नहीं थकते वहीं वो स्टार्स रात रातभर एक छत के नीचे जमा होकर पार्टी करते हैं, दुख-सुख, गिले शिकवे बांटते हैं और भविष्य की चीजों पर चर्चा होती है। हाल ही में खबर आ रही है कि बीते कुछ दिनों पहले फिल्म इंडस्ट्री के तीनों खान गैलेक्सी अपार्टमेंट में इकट्ठा हुए और रातभर चर्चा चली, साथ ही ट्रिप पर जाने की भी प्लानिंग हो गई। जी हां यहां हम बात कर रहे हैं शाहरुख खान, सलमान खान और आमिर खान की। सलमान, शाहरुख और आमिर तीनों की गिनती फिल्म इंडस्ट्री के बड़े और दिग्गज सितारों में होती है। तीनों ने ही अपने करियर में एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं जिन्हें फैंस कई-कई बार देख चुके हैं और आज भी देखना पसंद करते हैं। वहीं जब ये तीनों सितारे



एकसाथ इकट्ठा होते हैं तो वह फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होता है। क्योंकि फैंस भी इनको साथ देखना चाहते हैं। अब खबर है कि तीनों खान का जमावड़ा बीते 16 मई को सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट में लगा। सबसे पहले आमिर खान गैलेक्सी अपार्टमेंट पहुंचे। शाहरुख खान और सलमान खान कुछ देर से पहुंचे क्योंकि दोनों टाइगर 3 की शूटिंग में बिजी थे और वहां से फ्री होते ही पहुंच गए गैलेक्सी अपार्टमेंट।

# इन कलाकारों ने देखा बेरोजगारी का मंजर

**मुंबई।** मनोरंजन की दुनिया में पहचान बनाने में कलाकारों को बहुत मेहनत करनी पड़ती है। किरदारों को निभाने के लिए खुद को भूलना पड़ता है, तब जाकर कहीं उन किरदारों में जान आती है और अपनी दमदार अदाकारी से सेलेब्स दर्शकों का दिल जीत लेते हैं, लेकिन कई यादगार किरदार निभाने के बावजूद अपने दूसरे काम के लिए उन्हें संघर्ष करना पड़ता है। कई सेलेब्स को बेरोजगार भी बैठना पड़ता है। इंडस्ट्री में कुछ सेलेब्स ऐसे हैं, जिन्हें काम मांगने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लेना पड़ा था। चलिए जानते हैं उन सेलेब्स के बारे में, जिन्होंने बेरोजगारी में सोशल मीडिया पर पोस्ट साझा कर अपने लिए काम मांगा था।

**दिव्या अग्रवाल:** इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है अभिनेत्री दिव्या अग्रवाल का। दिव्या बिग बॉस ओटीटी की विनर रह चुकी हैं। इस शो से उन्हें खूब शोहरत मिली, बावजूद इनके उन्हें इंडस्ट्री में काम नहीं मिल रहा था, तब उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा करते हुए काम मांगा था। दरअसल, उन्होंने फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप से काम मांगा। उन्होंने इस वीडियो को एक ओपन लेटर का नाम दिया। इस ओपन लेटर के जवाब में अनुराग कश्यप ने उन्हें वादा किया है कि जब भी उनके लिए एक सही रोल होगा तो वह उन्हें ऑडिशन के लिए



जरूर बुलाएंगे।

**अर्चना पूरन सिंह:** इस लिस्ट ने अगला नाम अर्चना पूरन सिंह का है। अर्चना काफी लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं। इन दिनों वह कॉमेडियन कपिल के 'द कपिल शर्मा शो' में कुर्सी संभाल रही हैं। दरअसल, नीना गुप्ता अपनी एक फिल्म का प्रमोशन करने 'द कपिल शर्मा शो' पर पहुंची थीं, तब नीना के जरिए अर्चना ने मेकर्स से काम मांगा था और कहा था वह कॉमेडी से हटकर अब कुछ करना चाहती हैं।

**अनुपम खेर:** सोशल मीडिया के जरिए काम मांगने वाले सेलेब्स की लिस्ट में अनुपम खेर में भी शामिल हैं। अनुपम इंडस्ट्री के बड़े सितारे हैं, लेकिन 2019 के दौरान वह भी खाली बैठे थे, इसलिए उन्होंने सोशल मीडिया पर अपना दर्द बयां किया था। अभिनेता ने पोस्ट साझा करते हुए कहा था कि वह 35 साल से इंडस्ट्री में हैं, पर शायद ही कभी ऐसा हुआ हो कि उनके पास काम ना हो। इसके बाद उन्होंने लोगों से काम देने की अपील की थी। इसके बाद उन्हें कई ऑफर मिले।

**नीना गुप्ता:** नीना गुप्ता भी इस लिस्ट में शामिल हैं। हर एक शो में वह अपनी दमदार अदाकारी की छाप छोड़ जाती हैं। उन्होंने भी काम मांगने के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया। उन्होंने साल 2017 में इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया था, जिसमें उन्होंने अपनी तस्वीर के साथ अच्छा काम मांगा था। उनका यह पोस्ट काफी वायरल हुआ था। इसके ठीक बाद ही उन्हें 'बधाई हो' का ऑफर मिला था। इस फिल्म में उनके बेहतरीन अभिनय को हर किसी ने बहुत सराहा था।

**शगुफ्ता अली:** शगुफ्ता अली ने भी कई टीवी शोज में अपनी दमदार अदाकारी का जलवा बिखेरा है। साथ ही उन्होंने कई फिल्मों में भी काम किया है, लेकिन जब उनके पास काम नहीं था तो उन्होंने सोशल मीडिया की मदद से अपनी बात लोगों तक पहुंचाई। उन्होंने साल 2021 में सोशल मीडिया पर अपने फाइनेंशियल और हेल्थ प्रॉब्लम्स के बारे में की बात की थी। इसके बाद उन्हें एक रियलिटी शो से आर्थिक मदद मिली थी और काम भी मिला।

## अतरंगी अंदाज में सॉन्ग हुए रिलीज, नई पीढ़ी ने भी खूब पसंद किया

# गुजरे जमाने के हिट गानों का इन सिंगर्स ने बनाया रीमिक्स

**मुंबई।** फिल्म इंडस्ट्री में कलाकारों के साथ साथ गायकों का भी बहुत महत्व होता है। इन दिनों इंडस्ट्री में रीमेक फिल्मों के साथ साथ रीमिक्स गानों का भी चलन है। कई गायक गुजरे जमाने के गानों को नया रूप देकर पॉप म्यूजिक के साथ मिक्स कर रीमिक्स गाना बना देते हैं। कई गाने अच्छे लगते हैं, वहीं कुछ गाने सुनकर ऐसा लगता है कि अच्छे-भले गाने को बिगाड़ दिया। ऐसे ही रीमिक्स सॉन्ग गाने को लेकर कुछ गायक ट्रोल भी हो चुके हैं।

### टोनी कक्कड़

इस लिस्ट में सबसे पहला नाम आता है गायक टोनी कक्कड़ का। टोनी अक्सर अपने गानों को लेकर ट्रोल होते रहते हैं। टोनी को तो रीमिक्स के साथ साथ उनके ओरिजनल गानों को लेकर भी ट्रोल किया जाता है, जिसकी वजह है उनके अतरंगी गाने और गानों के बोल। टोनी जितना ट्रोल होते हैं, शायद ही कोई दूसरा सिंगर ऐसे ट्रोल होता हो।

### नेहा कक्कड़

इस लिस्ट में अगला नाम आता है फिल्म इंडस्ट्री की टॉप सिंगर नेहा कक्कड़ का। नेहा भी अपने भाई टोनी कक्कड़ की तरह अक्सर ट्रोल होती हैं। नेहा आज इंडस्ट्री की टॉप सिंगर्स की लिस्ट में शुमार हैं, लेकिन रीमिक्स गानों को लेकर



वह भी ट्रोल हो जाती हैं। अब तक नेहा कई गानों के रीमिक्स बना चुकी हैं। 'तूने पायल है छनकाई' गाने के रीमिक्स पर तो फाल्गुनी पाठक और नेहा की जुबानी जंग तक शुरू हो गई थी, क्योंकि गाने की असल गायिका फाल्गुनी को नेहा का रीमिक्स सॉन्ग पसंद नहीं आया था।

### तनिष्क बागची

तनिष्क बागची भी गायकी की दुनिया में बड़ा नाम बन चुके हैं। उन्होंने कई हिट गाने भी दिए हैं, जिसकी वजह से उन्हें खूब तारीफें भी मिलीं। हालांकि, वह इंडस्ट्री में रीमिक्स गाना बनाने को लेकर फेमस हैं। अक्सर वह ज्यादातर गानों को रीमिक्स बनाते हैं, जिसे लेकर वह कई बार ट्रोल हो चुके हैं। खासकर जब उन्होंने 'आप जैसा कोई' गाने का रीमिक्स गाया था, तब उन्हें खूब ट्रोल किया गया था। उन्हें यह तक कह दिया गया था कि वह पुराने अच्छे गानों को रीमिक्स बना कर खराब कर देते हैं।

### सोना महापात्रा

इस लिस्ट में फिल्म इंडस्ट्री की बेहतरीन गायिका सोना महापात्रा भी शामिल हैं। उन्होंने इंडस्ट्री को कई हिट गाने दिए हैं। अक्सर उनकी आवाज और उनके गानों की तारीफ भी होती है, लेकिन एक बार उन्होंने लाइव कॉन्सर्ट में 'पसूड़ी' गाना गाया था, लेकिन यूजर्स को उनकी आवाज में यह गाना पसंद नहीं आया, जिस वजह से लोगों ने उन्हें ट्रोल कर दिया।

# बैंक में सिक्के जमा करने की क्या है लिमिट, जाने आरबीआई की गाइडलाइन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

छोटी खरीदारी करते समय हम सिक्कों का इस्तेमाल करते हैं। सिक्कों को लेकर रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने एक नियम बना रखा है। अभी बाजार में लेनदेन के लिए एक, दो, पांच, दस और बीस रुपए के सिक्कों का इस्तेमाल किया जाता है।

- सिक्के के रूप में आप कितनी भी राशि जमा कर सकते हैं

अब लोग डिजिटल पेमेंट करना ज्यादा सुविधाजनक मानते हैं। इस वजह से हमें कम सिक्के देखने को मिलते हैं। देश में कोई भी करेंसी या सिक्का जारी करने की जिम्मेदारी रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया की होती है। अभी देश में एक रुपए, दो रुपए, पांच रुपए, दस रुपए और बीस रुपए के सिक्के जारी होते हैं। सिक्का निर्माण अधिनियम 2011 के तहत 1000 रुपए तक मूल्यवर्ग के सिक्के जारी किए जाते हैं।

## अधिनियम 2011 के तहत 1000 रुपए तक मूल्यवर्ग के सिक्के जारी किए जाते हैं

### सिक्के लेने से बैंक मना नहीं कर सकते

आप कितने भी वैल्यू के सिक्के अपने बैंक अकाउंट में जमा करा सकते हैं। सिक्के जमा करने पर किसी भी तरह की कोई सीमा नहीं है। मान लीजिए, आपके पास एक लाख रुपए के सिक्के हैं तो आप उतने सिक्के भी बैंक में जमा करवा सकते हैं। अगर कोई बैंक सिक्के लेने से मना करता है, तब आप उसकी शिकायत कर सकते हैं।



*साल में कितने सिक्के बनते हैं?: आरबीआई पूरे साल में कितने सिक्के ढालेगी, यह सरकार द्वारा तय किया जाता है। इसके अलावा मूल्य के सिक्कों और उसके डिजाइन तैयार करने की भी जिम्मेदारी सरकार की होती है। साधारण तौर पर कह सकते हैं कि अभी हम जो सिक्के इस्तेमाल कर रहें हैं, उसकी रुपरेखा सरकार ने तय की है।*

### बैंक तय कर सकते है ग्राहक से लेने वाले सिक्कें

अभी तक आरबीआई ने इस पर किसी भी तरह की कोई सीमा निर्धारित नहीं की है। इसका मतलब ये हुआ कि आप सिक्के के रुप में कितनी भी राशि जमा कर सकते हैं। बैंक अपने ग्राहक से कितनी भी राशि के सिक्के स्वीकार करने के लिए आजाद हैं। बैंक ग्राहक को मना नहीं कर सकते हैं। आरबीआई की गाइडलाइंस के अनुसार, आप बिना किसी संकोच के सिक्के जमा कर सकते हैं। बैंक सभी सिक्कों को वैध मुद्रा के रुप में स्वीकार करेंगे।

### सभी बैंकों में जमा कर सकते हैं सिक्के

भारतीय रिजर्व बैंक के गाइडलाइंस के अनुसार, आप किसी भी बैंक में जाकर सिक्के डिपॉजिट कर सकते हैं। कोई भी बैंक सिक्कों को अस्वीकार नहीं कर सकता है। सभी बैंक चाहे वो सरकारी हो या फिर प्राइवेट, सभी में सिक्कों को जमा किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप

### यूपीआई लेनदेन 2027 तक प्रतिदिन एक अरब पहुंचेगा




**नई दिल्ली।** यूपीआई से लेनदेन काफी तेजी से बढ़ रहा है। 2026-27 तक प्रतिदिन एक अरब यूपीआई लेनदेन होंगे और कुल डिजिटल भुगतान में इसका हिस्सा बढ़कर 90 प्रतिशत हो जाएगा। डिजिटल भुगतान में क्रांति लाने वाले यूपीआई की वित्त वर्ष 2022-23 में खुदरा खंड के लेनदेन में हिस्सेदारी 75 प्रतिशत रही।

### पीएफसी का लाभ 42% बढ़कर 6,128.63 करोड़



**नई दिल्ली।** सरकारी गैर-बैंकिंग ऋणदाता पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन (पीएफसी) लिमिटेड का बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 42.66 प्रतिशत वृद्धि के साथ 6,128.63 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने शनिवार को शेयर बाजार को बताया कि वित्त वर्ष 2021-22 की चौथी तिमाही में उसका शुद्ध लाभ 4,295.90 करोड़ रुपये था।

### विदेशी बाजार में संभावनाएं तलाश रही जेएसडब्ल्यू



**नई दिल्ली।** घरेलू कंपनी जेएसडब्ल्यू ग्रुप विदेशी बाजारों में कोकिंग कोयले की खदानों का अधिग्रहण करने की संभावनाएं तलाश कर रही है। सूत्रों का कहना है कि इस्पात से लेकर निर्माण क्षेत्र में काम करने वाली जेएसडब्ल्यू ग्रुप ऑस्ट्रेलिया और मोजाम्बिक आदि देशों में खदानों के अधिग्रहण की संभावनाएं तलाश रही है।

### चीन के पहले स्वदेशी विमान की सफल वाणिज्यिक उड़ान



**बीजिंग/शंघाई।** चीन के पहले स्वदेशी यात्री विमान सी919 ने रविवार को अपनी पहली वाणिज्यिक उड़ान सफलतापूर्वक पूरी कर ली है। पश्चिमी प्रतिद्वंद्वियों को टक्कर देगी। चीन की सरकारी कंपनी चीन ईस्टर्न एयरलाइंस द्वारा संचालित सी919 की पहली वाणिज्यिक उड़ान शंघाई के पूर्वी महानगर से बीजिंग तक गई।

### हाउसिंग डॉट कॉम पर मासिक टैरिफ दो करोड़ तक पहुंचा




**नई दिल्ली।** प्रौद्योगिकी आधारित संपत्ति क्षेत्र की कंपनी हाउसिंग डॉट कॉम की वेबसाइट पर मासिक टैरिफ दो करोड़ तक पहुंच गया है, जो उसके कोविड पूर्व स्तर से चार गुना ज्यादा है। कंपनी के सीईओ ध्रुव अग्रवाल ने बताया कि यह वृद्धि मांग में सुधार और रियल एस्टेट क्षेत्र में डिजिटल मंचों की स्वीकार्यता बढ़ने से संभव हुई है।

### शीर्ष सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण बढ़ा

**नई दिल्ली।** सेंसेक्स की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,51,140.39 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रहीं। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, हिंदुस्तान यूनिलीवर, आईटीसी, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन बढ़ गया, वहीं एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी की बाजार हैसियत घट गई। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 772.01 अंक या 1.25 प्रतिशत के लाभ में रहा।

## बाइडन और मैकार्थी में ऋण सीमा बढ़ाने पर हुआ समझौता

# अमेरिका पर से टला मंदी का खतरा ऋण सीमा बढ़ाने पर बनी सहमति

- दोनों संघीय खर्च को कम करने पर हुए सहमत
- तय की गई शर्तों पर दोनों राजनीतिक दल के नाराज होने का खतरा

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रतिनिधि सभा के स्पीकर केविन मैकार्थी के बीच शनिवार देर रात देश की वैधानिक ऋण सीमा बढ़ाने पर 'सैद्धान्तिक सहमति' बन गई है। दोनों संघीय खर्च को सीमित करने और अमेरिका को संभावित चूक से बचाने के लिए 'समझौते' पर तैयार हो गए हैं।

हालांकि, इस समझौते तक पहुंचने के लिए जो रियायतें या शर्तें तय की गई हैं उससे डेमोक्रेट और रिपब्लिकन दोनों पक्षों के नाराज होने का खतरा है। वार्ताकारों ने रिपब्लिकन की खाद्य टिकट के प्राप्तकर्ताओं के लिए काम की बढ़ती जरूरतों पर सहमति जताई है, जिसपर डेमोक्रेट ने हंगामा खड़ा किया है।

### लोगों को समाधान का था इंतजार

पांच जून की समयसीमा से पहले संसद की मंजूरी के लिए दोनों पक्षों का इस समझौते पर सहमत होना जरूरी है। मैकार्थी ने कहा कि डेमोक्रेट राष्ट्रपति और रिपब्लिकन स्पीकर दोनों के बीच शनिवार शाम फोन पर बातचीत के बाद समझौते के लिए सहमति बनी है। देश और दुनिया को बेसब्री से अमेरिका और वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को खतरे में डालने वाले राजनीतिक गतिरोध के समाधान का इंतजार था।

## पांच जून की समय सीमा से पहले संसद की सहमति है जरूरी

### चूक से बच जाएगा अमेरिका

बाइडन ने शनिवार रात बयान में कहा, "इस करार तक पहुंचने के लिए 'समझौता' करना पड़ा है। इसका मतलब है कि हर किसी को वह नहीं मिलेगा जो वह चाहता है।" बाइडन ने इस समझौते को अमेरिका के लोगों के लिए एक अच्छी खबर बताते हुए कहा कि इससे देश एक ऐसी चूक से बच सकता है जो उसे आर्थिक मंदी में ले जा सकती थी। साथ ही समझौता नहीं होने पर सेवानिवृत्ति खाते प्रभावित होते और लाखों की संख्या में लोगों को नौकरी गंवानी पड़ती।



### जर्मनी में मंदी से भारत का निर्यात होगा प्रभावित

जर्मनी में आर्थिक मंदी से भारत का रसायन, मशीनरी, परिधान और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों का यूरोपीय संघ (ईयू) को निर्यात प्रभावित हो सकता है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की निर्यात-आयात (एग्जिम) पर समिति के चेयरमैन संजय बुधिया ने यह बात कही है।

### जर्मनी दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था

बुधिया ने यह भी कहा कि हालांकि जर्मनी में आर्थिक मंदी का भारतीय निर्यात पर असर जानना अभी जल्दबाजी होगी। दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश जर्मनी मंदी का सामना कर रहा है। इसका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2022 की चौथी तिमाही में 0.5 प्रतिशत की गिरावट के बाद 2023 की पहली तिमाही में 0.3 प्रतिशत और गिर गया।

### दो तिमाहियों से जर्मनी में मंदी

समिति के चेयरमैन ने कहा, 'हालांकि जर्मनी में मंदी के भारत पर प्रभाव का अभी आकलन करना जल्दबाजी होगा, लेकिन उपरोक्त क्षेत्र सबसे अधिक प्रभावित होंगे।' उन्होंने कहा कि पूरा ईयू बढ़ती ऊर्जा कीमतों का सामना कर रहा है, जिससे लगातार दो तिमाहियों से जर्मनी में मंदी बनी हुई है।

### भारत के कुल निर्यात में जर्मनी का हिस्सा 4.4 फीसदी



बुधिया ने कहा, 'वर्ष 2022 में भारत के कुल निर्यात में जर्मनी का हिस्सा 4.4 प्रतिशत जर्मनी था। भारत ने मुख्य रूप से जैविक रसायनों, मशीनरी, इलेक्ट्रॉनिक्स, परिधान, फुटवियर, लौह-इस्पात के साथ-साथ चमड़े की वस्तुओं का निर्यात किया था।'

# एनपीए प्रबंधन में बैंक ऑफ महाराष्ट्र शीर्ष पर




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- बीते वित्त वर्ष में एनपीए घटकर 0.25 फीसदी नीचे आया

गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) या डूबे कर्ज के प्रबंधन में बीते वित्त वर्ष 2022-23 में बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) का प्रदर्शन सबसे अच्छा रहा है। बीते वित्त वर्ष में बीओएम का शुद्ध एनपीए घटकर 0.25 प्रतिशत के निचले स्तर पर आ गया है। बैंकों के वार्षिक आंकड़ों पर गौर करें, तो पता चलता है कि तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के सालाना कारोबार वाले न केवल सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों बल्कि सभी बैंकों में यह डूबे कर्ज का सबसे निचला अनुपात है। इस मामले में पुणे के सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक के बाद एचडीएफसी बैंक का स्थान है। बीते वित्त वर्ष की समाप्ति तक एचडीएफसी बैंक का शुद्ध एनपीए 0.27 प्रतिशत रहा। इसके बाद 0.37 प्रतिशत के साथ कोटक महिंद्रा बैंक का स्थान रहा। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बीओएम के बाद देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का स्थान रहा। मार्च, 2023 के अंत तक एसबीआई का शुद्ध एनपीए घटकर 0.67 प्रतिशत रह गया। बैंक ऑफ बड़ौदा का शुद्ध एनपीए 0.89 प्रतिशत रहा। ऋण वृद्धि के मामले में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में 29.49 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बीओएम पहले स्थान पर रहा। इसके बाद 21.28 प्रतिशत के साथ इंडियन ओवरसीज बैंक का स्थान रहा।

### इंडसइंड बैंक तीसरे स्थान पर

इंडसइंड बैंक 21 प्रतिशत ऋण वृद्धि के साथ तीसरे स्थान पर है। वहीं एसबीआई की ऋण वृद्धि बीते वित्त वर्ष में 15.38 प्रतिशत रही।




## बिजनेस साइट

### होंडा शाइन 100 सीसी : मोटरसाइकिल जो आपके दिल को छू लेगी!

**रायपुर।** होंडा ने लांच किया है अपनी नई 100 सीसी मोटरसाइकिल 'शाइन 100' को रायपुर में। यह उपलब्धि होंडा के लिए एक बड़ा कदम है, क्योंकि यह 23 साल बाद होंडा द्वारा लांच की गई पहली 100 सीसी मोटरसाइकिल है। रायपुर के बाजार में ही इस मोटरसाइकिल की लोकप्रियता इतनी है कि इसके लिए पहले से ही 125 से अधिक गाड़ियों की बुकिंग हो चुकी है। शाइन 100 का लांच कार्यक्रम 30 मई को स्प्री फ्रूड लैब्स मरीन ड्राइव, तेलीबांधा, रायपुर में होगा। इस खास अवसर पर महापौर रायपुर - एजाज ढेबर ,चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अमर परवानी, उत्तर विधानसभा रायपुर के विधायक कुलदीप जुनेजा, होंडा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर्स लिमिटेड के शेषांक राजदान (रीजनल मैनेजर), प्रतीक प्रनव (जोनल मैनेजर, सेल्स), अरीजित भट्टाचार्य (जोनल मैनेजर, सर्विस), हर्ष पाठक (एरिया सेल्स मैनेजर) और राहुल राठी ( एरिया सर्विस मैनेजर ) उपस्थित रहेंगे।



### भारत सर्टिस एग्रीसाइंस ने एमपी में हिडेकी छत्तीसगढ़ में क्रीज उत्पाद किया लांच

**रायपुर।** भारत सर्टिस एग्रीसाइंस लिमिटेड (बीसीए), मित्सुई एंड कंपनी लिमिटेड, जापान की ग्रुप कंपनी ने मध्य प्रदेश के 133 और छत्तीसगढ़ के 91 चैनल भागीदारों के बीच इंदौर और रायपुर में दो नए उत्पाद लांच किए. भारत सर्टिस एग्रीसाइंस लिमिटेड (बीसीए), अपने उत्पादों के पोर्टफोलियो को और अधिक मजबूत किया है। क्रीज एक अत्याधुनिक तकनीक से तैयार उत्पाद है तो वही हिडेकी जापान तकनीक से तैयार एक उच्च गुणवत्ता वाला अनूठा उत्पाद है क्रीज एक अनोखा उत्पाद है जो धान की फसल के सभी प्रकार के प्रमुख खरपतवारों (चौड़ी पत्ती, संकरी पत्ती और मोथा वर्गीय) पर लम्बी अवधि का प्रभावी नियंत्रण प्रदान करता है। हिडेकी एक व्यापक स्पेक्ट्रम कीटनाशक है, जो रसचूसक कीटों की विस्तृत श्रृंखला को नियंत्रित करता है। भारत सर्टिस एग्रीसाइंस लिमिटेड ने इन दोनों कार्यक्रमों के दौरान 6 और नए उत्पाद लांच किए। लांच किए गए अन्य उत्पादों में बैंडिश (गैर-चयनात्मक शाकनाशी), बोच (ब्रॉड स्पेक्ट्रम लेपिडोप्टेरान कीटनाशक), जादू (बेधक खंड के लिए सबसे प्रभावी कीटनाशक), रूझान (दोहरे तरीके की कार्रवाई के साथ अद्वितीय कवकनाशी), विंटाजेन (लेपिडोप्टेरान और चूसक कीट कीटनाशक) और वेस्टार (प्लांट ग्रोथ रेगुलेटर) शामिल थे। भारत सर्टिस एग्रीसाइंस लिमिटेड के प्रबंध निदेशक किमिहाइड कोंडो ने इस मौके पर कंपनी के विजन और मिशन को साझा किया।



### जीवन बीमा की मदद से अपने बच्चे के वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करें

**रायपुर।** माता-पिता होने के नाते, आप हमेशा अपने बच्चे को सर्वश्रेष्ठ देना चाहते हैं। जब आप यह सुनिश्चित करते हैं कि उनकी बुनियादी जरूरतें जैसे भोजन, कपड़ा, शिक्षा आदि पूरी हों, तो यह एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है कि आप उनके वित्तीय भविष्य को भी सुरक्षित करें ताकि उनके जीवन के प्रमुख पड़ावों का ध्यान रखा जा सके। एसबीआई लाइफ के प्रेसिडेंट, जोन 3, दुर्गादास का मानना है कि, मूलभूत आवश्यकताओं, उच्च शिक्षा, विवाह आदि पर बढ़ती मुद्रास्फीति एवं ब्याज दरों के प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, जीवन यापन के बढ़ते खर्च का प्रबंधन करने के लिए आपको तैयार रहना होगा। यहीं पर, एक ऐसे उचित वित्तीय साधन की आवश्यकता महसूस होती है जिससे आपके बच्चे के जीवन के विभिन्न चरणों की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पर्याप्त कोष बनाने में मदद मिल सके। ऐसे में, बीमा और बचत का दोहरा लाभ प्रदान करने वाली जीवन बीमा योजना से बेहतर क्या होगा? चाइल्ड इंश्योरेंस प्लान, बीमा और बचत का दोहरा लाभ प्रदान करता है।




## बीते साल भारत में मालवेयर हमले 31 प्रतिशत बढ़े : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** भारत में 2022 में मालवेयर हमलों में 31 प्रतिशत बढ़ोतरी देखी गई। सोनिकवॉल ने एक रिपोर्ट में बताया कि इसके बाद कंपनियों को साइबर हमलों से बचने के लिए सॉफ्टवेयर सुरक्षा बढ़ानी होगी। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले वर्ष की तुलना में 'घुसपैठ के प्रयासों' में 10 प्रतिशत वृद्धि और 'रैन्समवेयर हमलों' में 53 प्रतिशत की आश्चर्यजनक वृद्धि हुई है। सोनिकवाल अमेरिका की साइबर सुरक्षा समाधान प्रदाता कंपनी है। सोनिकवाल में एशिया-प्रशांत एवं जापान (एपीजे) में उपाध्यक्ष देबाशीष मुखर्जी के अनुसार, हालांकि अन्य क्षेत्रों में मालवेयर हमलों में कमी आई है लेकिन भारत में ये खतरनाक स्तर पर हैं। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधी भारत जैसे देशों में विभिन्न तरीकों से हमले करते हुए खतरे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ये अपराधी लगातार ऐसे अवसर तलाशते रहते हैं।

# आर्थिक आंकड़ों से तय होगी शेयर बाजार की चाल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- वाहन बिक्री के आएंगे मासिक आंकड़े

स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वृहद आर्थिक आंकड़ों, वाहन बिक्री के मासिक आंकड़ों, एफआईआई के प्रवाह और वैश्विक रुझानों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। अमेरिका के ऋण समझौते तथा संस्थागत प्रवाह पर भी सभी की निगाह रहेगी। स्वस्तिका इन्वेस्टमार्ट लि. के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, 'इस सप्ताह बाजार भागीदार संस्थागत प्रवाह पर करीबी नजर रखेंगे, क्योंकि माना जाता है जब विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) और घरेलू संस्थागत निवेशक (डीआईआई) दोनों शुद्ध लिवाल हो जाते हैं, तो बाजार में कुछ मुनाफावसूली की संभावना बन जाती है।' मीणा ने कहा कि वैश्विक मोर्चे पर अमेरिका में ऋण सीमा को लेकर गतिविधियां महत्वपूर्ण रहेंगी।

# भारत में कर संग्रह काफी अधिक : भल्ला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- आयकर को 40 से घटाकर 25 प्रतिशत किया जाए
- तेज गति के लिए कर की दर कम करना जरूरी

भारत दुनिया का सबसे अमीर देश नहीं है, लेकिन यहां कर संग्रह काफी अधिक है और ऐसे में आयकर की दर को मौजूदा करीब 40 प्रतिशत से घटाकर 25 प्रतिशत किया जाना चाहिए। जानेमाने अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला ने यह बात कही। उन्होंने को बताया कि आर्थिक वृद्धि की गति को तेज करने के लिए कर की दर में कमी करना जरूरी है।

भल्ला ने कहा, 'हम दुनिया में बहुत अधिक वैश्वीकृत अर्थव्यवस्था हैं। यदि आप भारत में कर संरचना को देखते हैं, तो करों का संग्रह काफी अधिक है, जबकि हम दुनिया के सबसे धनी अर्थव्यवस्था नहीं हैं।' उन्होंने कहा कि राज्य, केंद्र और स्थानीय निकायों का कर संग्रह भारत के सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 19 प्रतिशत है। भल्ला ने आगे कहा, 'हमें इसे दो प्रतिशत कम करने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

### आयकर की अधिकतम दर अभी 39 फीसदी

इस समय भारत में आयकर की अधिकतम दर 39 प्रतिशत है। भल्ला ने कहा कि समाज के एक चुनिंदा वर्ग को लाभ पहुंचाने की जगह करों को सभी के लिए कम करने की जरूरत है। वित्त वर्ष 2022-23 के दौरान भारत का सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 20 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 19.68 लाख करोड़ रुपये हो गया।

# जिप इलेक्ट्रिक विस्तार पर 30 करोड़ डॉलर करेगी खर्च

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



- अगले तीन साल में दो लाख वाहन होंगे शामिल

इलेक्ट्रिक परिवहन स्टार्टअप जिप इलेक्ट्रिक ने अगले तीन साल में अपने बेड़े में दो लाख वाहन शामिल करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी को विस्तार के लिए 30 करोड़ डॉलर की जरूरत होगी। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और संस्थापक आकाश गुप्ता ने यह जानकारी दी है। कंपनी मुंबई, पुणे और हैदराबाद जैसे नए शहरों में प्रवेश की योजना बना रही है। कंपनी का इस साल 500 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल करने का लक्ष्य है।

## टोयोटा की फॉर्च्यूनर को देगी कड़ी टक्कर

# एमजी बाजार में जल्द उतारेगी ग्लॉस्टर का ब्लैक स्टॉर्म एडिशन

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका की कार निर्माता कंपनी एमजी के एसयूवी की मांग भारतीय बाजार में तेजी से बढ़ रही है। एमजी की एस्टर, हेक्टर और एमजी ग्लॉस्टर को लोग काफी पसंद करते हैं। कंपनी बहुत जल्द अपनी दमदार 7 और 6 सीटर एसयूवी एमजी ग्लॉस्टर का ब्लैक स्टॉर्म एडिशन लॉन्च करने वाली है।

यह एसयूवी भारतीय बाजार में मौजूद टोयोटा फॉर्च्यूनर को टक्कर देती है। इस नए मॉडल में सिंगल टर्बो या ट्विन-टर्बो ऑप्शन के साथ 2.0 लीटर डीजल इंजन मिलने की संभावना है। भारत की सबसे सस्ती ईवी को लॉन्च करने के बाद एमजी अपने प्रमुख वाहन ग्लॉस्टर में कुछ बदलाव करने के लिए तैयार है। एमजी ग्लॉस्टर एक 7 सीटर एसयूवी है, जो कीमत के मामले में जीप मेरिडियन, स्कोडा कोडिक और वाक्सवैगन टाइगुन के साथ टोयोटा फार्च्यूनर और इसुजु एमयू एक्स (पाउंड टू पाउंड) को टक्कर देती है। फिलहाल, इस सेगमेंट में टोयोटा की फार्च्यूनर सब पर हावी है।

## सिंगल टर्बो या ट्विन-टर्बो ऑप्शन के साथ मिलने की संभावना

### सोशल मीडिया पर टीजर जारी

बिक्री को बढ़ावा देने के लिए एमजी ग्लॉस्टर के साथ एक खास वैरिएंट लांच करने के लिए तैयार है। एमजी ने इसे सोशल मीडिया पर टीज किया है। यह पूरी तरह से ब्लैक कलर में कवर नजर आती है। यह खास वैरिएंट में मौजूदा डीप गोल्डन, मेटल ब्लैक, मेटल ऐश और वार्म व्हाइट के साथ बिकेगी।



*स्पोर्टी इंटीरियर : ब्लैक आउट वैरिएंट का इंटीरियर काफी स्पोर्टी लगता है। रेड एंबियंट लाइटिंग के साथ रेड इंटीरियर हाइलाइट्स और रेड बैकलाइट इल्यूमिनेशन डोप दिखता है। टीजर में ग्लॉस्टर को ब्लैक स्टॉर्म बैजिंग मिली है, जो दोनों तरफ फ्रंट फेंडर्स को सजाएगी। एमजी ग्लॉस्टर ब्लैक स्टॉर्म एडिशन को जून के महीने में लांच करेगी।*

### एमजी ग्लॉस्टर ब्लैक स्टॉर्म स्पेशल एडिशन

एमजी के पास पहले से मेटल ब्लैक है। ब्लैक स्टॉर्म की क्या आवश्यकता है? तो आपको बता दें कि मेटल ब्लैक शेड सिर्फ एक कलर है, जहां बाकी क्रोम बिट्स अभी भी हैं। ब्लैक स्टॉर्म एडिशन में एमजी ओआरवीएम, फ्रंट और रियर बंपर, हेडलाइट्स, साइड डोर क्लैडिंग और अन्य जगहों पर रेड हाइलाइट्स दे रही है।

## फुटबॉल : पुर्तगाली लीग के फाइनल में सांता क्लारा को 3-0 से हराया

# बेनफिका रिकॉर्ड 38वीं बार बना चैंपियन


एजेंसी ▸▸| लिस्बन

बेनफिका ने सत्र के अंतिम दिन सांता क्लारा को 3-0 से हराकर रिकॉर्ड 38वीं बार पुर्तगाली लीग का खिताब अपने नाम किया। एफसी पोर्टो ने एक अन्य मैच में गुइमारेस को 3-0 से पराजित करके दूसरा स्थान हासिल किया। पिछली बार के चैंपियन एफसी पोर्टो तभी अपने खिताब का बचाव कर पाता अगर सांता क्लारा अंतिम दौर के मैच में बेनफिका को पराजित कर देता। बेनफिका ने पुर्तगाली लीग में सर्वाधिक खिताब जीतने के अपने रिकॉर्ड को 38 पर पहुंचा दिया है। यह उसका 2019 के बाद पहला खिताब है। इस बीच पोर्टो ने दो बार जबकि स्पोर्टिंग लिस्बन ने एक बार खिताब जीता था।




## पीएसजी ने जीता रिकॉर्ड 11वां खिताब

पेरिस। पेरिस सेंट जर्मेन ने लियोनेल मेसी के गोल की मदद से स्ट्रासबर्ग के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेलकर रिकॉर्ड 11वीं बार फ्रांसीसी फुटबॉल लीग का खिताब जीता। इस जीत से पीएसजी के 37 मैचों में 85 अंक हो गए हैं और वह दूसरे स्थान पर काबिज लेंस से चार अंक आगे हो गया है। लेंस के 37 मैचों में 81 अंक हैं और अब केवल एक दौर के मैच होने बाकी है। मेसी ने 59वें मिनट में काइलियन एम्बाप्पे के पास पर गोल करके पीएसजी को बढ़त दिलाई। पीएसजी के पूर्व स्ट्राइकर केविन गामेरो ने 79वें मिनट में स्ट्रासबर्ग की तरफ से बराबरी का गोल दागा। मेसी का यह यूरोप में लीग मैचों में 496वां गोल था और इस तरह से उन्होंने यूरोप की शीर्ष पांच लीग में सर्वाधिक गोल करने के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड तोड़ा। पीएसजी ने फ्रांस की पूर्व दिग्गज टीम सैंट एटीने को पीछे छोड़ा जिसने अपना 10वां और आखिरी खिताब 1981 में जीता था। सैंट एटीने पिछले साल दूसरी डिवीजन में खिसक गया था।





## बायर्न म्यूनिख बना बुंदेसलिगा चैंपियन

*बर्लिन। जमाल मुसियाला के 89वें मिनट में किए गए गोल की मदद से बायर्न म्यूनिख ने कोलोन को 2-1 से पराजित करके जर्मन फुटबॉल लीग बुंदेसलिगा का खिताब जीतकर बोरुसिया डोर्टमंड की उम्मीदों पर पानी फेर दिया। डोर्टमंड अंतिम दौर के मैच शुरू होने से पहले दो अंक की बढ़त पर था और उसका खिताब जीतना तय लग रहा था लेकिन उसने अंतिम दौर का मैच मेंज के खिलाफ 2-2 से ड्रा खेला। बायर्न म्यूनिख और डोर्टमंड दोनों के 34 मैचों में समान 71 अंक रहे। बायर्न म्यूनिख ने हालांकि बेहतर गोल अंतर के कारण पहले स्थान पर रहकर खिताब जीता। बायर्न म्यूनिख के रिकॉर्ड 10 साल तक चैंपियन बने रहने के अभियान को समाप्त करने के लिए डोर्टमंड को जीत की जरूरत थी लेकिन वह पिछले 23 साल में प्रतियोगिता के अंतिम दिन अपनी बढ़त गंवाने वाली पहली टीम बन गई।*

## खबर संक्षेप



### हाथ नहीं मिलाने के लिए कोस्तियुक की हूटिंग

पेरिस। बेलारूस की एरिना सबालेंका को रविवार को पहले दौर की जीत के बाद लगा कि फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दर्शक उनकी हूटिंग कर रहे हैं और उपहासपूर्ण सीटियां बजा रहे हैं। लेकिन यह नकारात्मक प्रतिक्रिया उनकी विरोधी यूक्रेन की मार्टा कोस्तियुक के लिए थी जिन्होंने हार के बाद नेट पर अपनी विरोधी के साथ हाथ नहीं मिलाया। यूक्रेन की कोस्तियुक मैच के बाद बेलारूस की सबलेंका से आंखों का संपर्क करने से भी बचीं और सीधे चेयर अंपायर की ओर चली गई। इसके विपरीत सबालेंका नेट की ओर गई थी। फरवरी 2022 में बेलारूस की मदद से रूस के यूक्रेन पर हमला करने के बाद से कोस्तियुक रूस या बेलारूस की खिलाड़ियों के खिलाफ ऐसा ही कर रही हैं। सबालेंका ने महिला एकल का पहले दौर का यह मुकाबला 6-3, 6-2 से जीता।

### ग्रुप डी में शीर्ष पर रहा ब्राजील

ब्यूनस आयर्स। ब्राजील ने पहले हाफ के आखिर में किए गए दो गोल की मदद से नाइजीरिया को



2-0 से हराकर अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के ग्रुप डी में शीर्ष स्थान हासिल किया। इटली ने भी डोमेनिका गणराज्य को 3-0 से पराजित करके ग्रुप डी में दूसरे स्थान पर रहकर अंतिम 16 में जगह बनाई। नाइजीरिया तीसरे स्थान पर रहने के बावजूद नॉकआउट चरण में जगह बनाने में सफल रहा।

# मलेशिया मास्टर्स : प्रणय ने जीता पहला वर्ल्ड टूर खिताब

एजेंसी ▸▸| कुआलालंपुर




भारत के एचएस प्रणय ने रविवार को यहां मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के कड़े फाइनल मुकाबले में तीन गेम में चीन के वेंग होंग येंग को हराकर अपना पहला बीडब्लूएफ विश्व टूर खिताब जीता। तीस साल के भारतीय खिलाड़ी ने 94 मिनट चले मुकाबले के दौरान शानदार जज्बा दिखाते हुए चीन के दुनिया के 34वें नंबर के खिलाड़ी वेंग के खिलाफ 21-19, 13-21, 21-18 से जीत दर्ज की।

प्रणय ने पिछले साल थॉमस कप में भारत की ऐतिहासिक जीत में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन 2017 अमेरिकी ओपन ग्रां प्री गोल्ड के बाद से वह व्यक्तिगत खिताब नहीं जीत पाए थे। केरल का यह बैडमिंटन खिलाड़ी पिछले साल स्विस ओपन के फाइनल में पहुंचकर खिताब के सूखे को खत्म करने के करीब पहुंचा था। इसके अलावा प्रणय मलेशिया और इंडोनेशिया सुपर 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भी जगह बनाने में सफल रहे थे। रविवार को दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने चीन के 23 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की। प्रणय ने इस हफ्ते शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी खिताबी जीत के दौरान दुनिया के पांचवें नंबर के खिलाड़ी चाउ टिएन चेन, ऑल इंग्लैंड चैंपियन ली शी फेंग और जापान के केंटा निशिमोटो को हराया।

### बाधा धाविका ज्योति ने जर्मनी में जीता स्वर्ण

*नई दिल्ली। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी ज्योति याराजी ने जर्मनी के वेनहेम में कुर्पफाज गाला टूर्नामेंट में कॅरियर का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए सौ मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। याराजी ने विश्व एथलेटिक्स उपमहाद्वीपीय टूर चैलेंजर स्तर के टूर्नामेंट में 12.84 सेकंड का समय निकाला। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 12.82 सेकंड है। इस सत्र में यह उनकी पहली अंतरराष्ट्रीय सौ मीटर की बाधा दौड़ थी। राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी अमलान बोरगोहेन ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता। वहीं पारुल चौधरी ने लॉस एंजिलिस ग्रां प्री में महिलाओं की 3000 मीटर स्टीपलचेस में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया।*

### अदिति नॉकआउट में जगह बनाने से चूकी

*लॉस वेगास। भारत की ओलंपियन अदिति अशोक ने 18वें होल में डबल बोगी के साथ बैंक ऑफ होप एलपीजीए मैच प्ले गोल्फ टूर्नामेंट के नॉकआउट प्ले ऑफ में जगह बनाने का मौका गंवा दिया। पहले मैच में पेरिन डेलाकोर के खिलाफ शिकस्त झेलने वाली अदिति ने अगले मुकाबले में कैरोलिन इंग्लिस को शिकस्त दी।*

आईपीएल




# पीले रंग की बाढ़...

## धोनी को सपोर्ट करने पहुंचे हजारों फैंस

एजेंसी ▸▸| अहमदाबाद

आईपीएल 2023 का फाइनल मुकाबला चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और डिफेंडिंग चैंपियंस गुजरात टाइटंस के बीच खेला जाना था, लेकिन यह मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में बारिश के कारण नहीं हो पाया। मैच देखने के लिए अहमदाबाद में पीले रंग की बाढ़ आ गई थी। फैंस सीएसके की यलो जर्सी में महेंद्र सिंह धोनी को सपोर्ट करने पहुंचे थे।



### सभी जगह मिला प्यार

41 साल के धोनी को अब तक वह जिस भी स्टेडियम में खेलने गए हैं। वहां उन्हें सपोर्ट मिला है। तब भी पूरे स्टेडियम में पीले रंग की बाढ़ नजर आई थी। अब फाइनल में भी यही देखने को मिला। आईपीएल ने इसकी तस्वीरें भी शेयर की हैं।

### शायद आखिरी आईपीएल

दरअसल, ऐसा माना जा रहा है कि यह धोनी का आखिरी आईपीएल हो सकता है। ऐसे में फैंस उन्हें खेलते देखने का कोई मौका नहीं छोड़ना चाहते हैं। चाहे मुंबई हो या कोलकता या फिर जयपुर या पंजाब या लखनऊ, हर जगह सीएसके के सपोर्टर्स भारी संख्या में धोनी को चीयर करने पहुंचे।



## आईपीएल : बारिश से धुला फाइनल



*अहमदाबाद। लगातार बारिश के कारण आईपीएल के 16वें सीजन का फाइनल चेन्नई सुपरकिंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच रविवार को बारिश के कारण नहीं हो सका। बारिश के कारण टॉस भी नहीं हो सका। बारिश ने स्टेडियम को तालाब में तब्दील कर दिया। अंपायरों ने दोनों टीमों के कोच और कप्तान से बात कर मैच नहीं कराने का फैसला किया। देर रात 11 बजे बारिश रुकी, लेकिन मैदान को खेलने के योग्य बनाने में कम से कम एक घंटे लगते। उसके बाद अगर मैच होता तो सिर्फ पांच-पांच ओवर ही दोनों को मिलते। अंपायरों ने दोनों टीमों के कोच और कप्तान से बात कर आज मैच को टाल दिया। अहमदाबाद में मैच देखने के लिए करीब एक लाख दर्शक पहुंचे। हालांकि, उन्हें निराशा ही हाथ लगी। ज्यादातर फैंस चेन्नई सुपरकिंग्स के 41 वर्षीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को देखने पहुंचे थे।*

## खेलो इंडिया : शिवा को पांच स्वर्ण, बनाया नया मीट रिकॉर्ड

एजेंसी ▸▸| लखनऊ



जैन यूनिवर्सिटी के शिवा श्रीधर ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी खेलों की तैराकी स्पर्धा में रविवार को पांच पदक जीत लिए जिससे उनके और क्राइस्ट यूनिवर्सिटी के अनीश गौड़ा के बीच अंतर बढ़ गया है। शिवा ने पुरुषों की 400 मीटर व्यक्तिगत मेडले में अपना ही मीट रिकॉर्ड तोड़ा। पिछले सत्र में उन्होंने 4:38.98 मिनट का समय निकाला था लेकिन इस बार 4 :37.21 मिनट का समय रहा। अनीश गौड़ा दूसरे स्थान पर रहे। उन्होंने चार गुणा सौ मीटर मेडले में भी स्वर्ण पदक जीता। इसके अलावा पुरुषों की 200 मीटर फ्रीस्टाइल में भी स्वर्ण पदक हासिल किया। दोनों के सात सात पदक हो गए हैं। निशानेबाजी में मानव रचना यूनिवर्सिटी के मानवादित्य सिंह राठौड़ और कीर्तिक गुप्ता ने ट्रैप मिश्रित टीम में स्वर्ण पदक जीता। दिल्ली यूनवर्सिटी के दक्ष सिंह और आशिमा अहलावत दूसरे स्थान पर रहे। निशानेबाजी में दूसरा स्वर्ण दस मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में आर नर्मदा नितिन और श्री कार्तिक साबरी राज ने जीता। दिल्ली यूनिवर्सिटी की टीम दूसरे स्थान पर रही।

## कश्मीर में लगा खीर भवानी मेला, हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल



जम्मू कश्मीर के गांदरबेल जिले के तुलमुला स्थित मां रंगया देवी (खीर भवानी मंदिर) में सालाना मेला रविवार से शुरू हुआ। बड़ी संख्या में भक्त दर्शन करने के लिए पहुंच रहे हैं। माता खीर भावनी के मंदिर में मेला लगा है, जो दो दिन तक चलेगा। यहां कश्मीरी पंडितों की कुल देवी मां खीर भवानी का मंदिर पेश कर रहा हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल। कश्मीरी पंडितों की कुल देवी मां खीर भवानी का मंदिर हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल पेश कर रहा है क्योंकि यहां पर पूजा सामग्री से लेकर चढ़ावे का दूध तक मुसलमान बेचते हैं।

# कांग्रेस एमएलए ने डिप्टी स्पीकर पद लेने से किया इनकार

**बेंगलुरु, (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सी पुट्टारंगशेट्टी ने रविवार को डिप्टी स्पीकर (उपाध्यक्ष) का पद स्वीकार करने से इनकार कर दिया। चामराजनगर निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता भार्टी (भाजपा) के वी सोमन्ना को हराने वाले श्री पुट्टारंगशेट्टी ने कहा कि वह डिप्टी स्पीकर का पद स्वीकार नहीं करेंगे क्योंकि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से मिलने और उनकी समस्याओं को हल करने की स्थिति में नहीं होंगे।

**पुट्टारंगशेट्टी ने कहा कि उन्हें मंत्री पद का वादा किया गया था लेकिन बेंगलुरु पहुंचने पर उनका नाम सूची से गायब**

उन्होंने कहा कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के लोगों ने उनसे डिप्टी स्पीकर के पद को अस्वीकार करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि मेरे समर्थकों और मतदाताओं ने मुझे डिप्टी स्पीकर का पद स्वीकार नहीं करने की सलाह दी, क्योंकि वे उनसे मिलने और अपनी समस्याओं को हल करने में सक्षम नहीं होंगे। इसलिए, मैंने पद स्वीकार नहीं करने का फैसला किया है। श्री पुट्टारंगशेट्टी ने कहा कि उन्होंने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को अपने रूख से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें मंत्री पद का वादा किया गया था और वह दिल्ली गए थे, लेकिन बेंगलुरु पहुंचने पर उनका नाम सूची से गायब था। लेकिन मुझे इसका कारण नहीं पता।

## एनवीएस-01 मिशन के लिए काउंटडाउन शुरू

**चेन्नई, (एजेंसी)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) सोमवार को श्रीहरिकोटा के स्पेसपोर्ट से जीएसएलवी-एफ12/एनवीएस-01 उपग्रह में स्थापित करेगा जिसकी उल्टी गिनती रविवार को शुरू हो गई। इसरो ने ट्वीट किया कि एसडीआरसी शार रेंज से प्रक्षेपित होने वाले जीएसएलवी-एफ12/एनवीएस-01 मिशन के लिए उल्टी गिनती रविवार सुबह 07.42 बजे शुरू हुई। उपग्रह को ले जाने वाला तीन चरणों वाला रॉकेट को सोमवार को 10.42 बजे लॉन्च किया जायेगा। इसरो के सूत्रों के मुताबिक यह जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल मिशन एनवीएस-01 नेविगेशन उपग्रह को तैनात करने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जिसका वजन लगभग 2,232 किग्रा है। उसे जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में रखा गया है।

## संक्षिप्त

### गंगापुरवाला बने मद्रास हाईकोर्ट के सीजे

**चेन्नई, (एजेंसी)।** न्यायमूर्ति एस वी गंगापुरवाला ने रविवार को मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि ने राजभवन में आयोजित साधारण समारोह में नए मुख्य न्यायाधीश को पद की शपथ दिलाई। मद्रास हाईकोर्ट के निवर्तमान कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस वैद्यनाथन, तमिलनाडु के मंत्री दुरईमुरुगन, रेगुपति, उधयनिधि स्टालिन, केकेएसएसआर रामचंद्रन, मा सुब्रमण्यम सेकर बाबू, अन्नाद्रमुक से बाहर किए गए एवं पूर्व मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम, मुख्य सचिव वी इराई अंबू और हाईकोर्ट के कई जजों ने आयोजन में हिस्सा लिया।

### पीटीआई का नेतृत्व शाह महमूद के हाथों में होगा!

**इस्लामाबाद, (एजेंसी)।** पाक के पूर्व पीएम एवं पीटीआई अध्यक्ष इमरान खान ने कहा कि अगर उन्हें अदालत द्वारा अयोग्य घोषित किया जाता है तो उस स्थिति में उपाध्यक्ष शाह महमूद कुरैशी पार्टी का नेतृत्व करेंगे। श्री खान ने लाहौर के जमान पार्क स्थित अपने आवास पर पत्रकारों और वकीलों के साथ शनिवार को आयोजित बैठक में यह बातें की। यह बयान ऐसे समय में आया है जब पीटीआई अध्यक्ष पिछले वर्ष अप्रैल में सत्ता से बेदखल होने के बाद से भ्रष्टाचार से लेकर आतंकवाद के कई मामलों का सामना कर रहे हैं।

### आज का इतिहास

- **1658:** सामुगढ़ की लड़ाई में औरंगजेब ने दारा शिकोह को शिकस्त दी।
- **1922:** इक्वाडोर को आजादी मिली।
- **1947:** इंडियन स्टैंडर्ड इंस्टिट्यूट की स्थापना।
- **1953:** शेरपा तेनजिंग और न्यूजीलैंड के पर्वतारोही एडमंड हिलेरी ने इतिहास में पहली बार माउंट एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचने में कामयाबी हासिल की।
- **1968:** दारा सिंह ने पहलवानी में विश्व चैंपियनशिप जीती।
- **1970:** सोवियत संघ ने भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
- **1972:** भारतीय सिनेमा के अभिनेता पृथ्वी राजकपूर का निधन।
- **1985:** यूरोपीय फुटबॉल कप के दौरान दो टीमों के प्रशंसकों के बीच हुई झड़प में 39 लोगों की मौत हो गई।
- **1987:** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह का निधन।

# 'बेहद जटिल चुनौती' का सामना कर रहा है भारत : एस. जयशंकर

**विदेश मंत्री बोले हमें अपने अधिकारों के लिए खड़े होने की जरूरत**

नई दिल्ली ■ एजेंसी



भारत और चीन के बीच एक बार फिर सीमा विवाद काफी समय से है लेकिन साल 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान में हुई खूनी झड़प के बाद दोनों देशों के बीच तनाव अलग स्तर पर चला गया। साल 1975 के बाद से दोनों देशों के सैनिकों के बीच ये पहली बार था जब किसी की जान गई हो। इसके बाद चीन ने पूर्वी लद्दाख की पैंगोंग त्सो झील के अलावा ऊंची पहाड़ियों पर अपने सैनिक बढ़ाए तो भारत ने भी पूरी एलएसी पर भारी संख्या में फौज की तैनाती कर दी। 2020 के बाद से ही चल रहा तनाव तमाम कोशिशों के बाद भी कम नहीं हो सका है।

इस बारे में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार, 27 मई को बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि भारत चीन से बेहद जटिल चुनौती का सामना कर रहा है और नरेन्द्र मोदी सरकार ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि सीमावर्ती क्षेत्रों में यथास्थिति को एकतरफा बदलने का कोई प्रयास नहीं हो। अहमदाबाद के अनंत नेशनल विश्वविद्यालय में **'मोदी का भारत: एक उभरती ताकत'** विषय पर व्याख्यान देते हुए विदेश मंत्री ने कहा कि अगर दोनों देशों के बीच शांति भंग होती है तो उनके संबंध प्रभावित हुए बिना नहीं रहेंगे। दोनों देशों को रिश्ते में एक संतुलन तलाशना होगा, लेकिन यह दूसरे पक्ष की शर्तों पर नहीं हो सकता।

चीन के अड़ियल रुख को देखकर हमें अपने अधिकारों के लिए खड़े होने की जरूरत है, हमें प्रतिरोध पर दृढ़ रहने की जरूरत है। और दुर्भाग्य से वर्तमान में यही स्थिति है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगे कहा कि जब मैं बड़ी ताकत की बात करता हूं, तो निश्चित तौर पर हमारे लिए चीन से खास चुनौती है। यह चुनौती बहुत जटिल चुनौती है, यह पिछले तीन सालों के दौरान सीमावर्ती क्षेत्रों में 'बहुत स्पष्ट' रूप से दिखी। स्पष्ट रूप से जवाब दिये गये जिनकी जरूरत है। सरकार ने वे जवाब दिये। उस जवाब का एक बड़ा हिस्सा यह सुनिश्चित करने के लिए है कि सीमावर्ती क्षेत्र में यथास्थिति में एकतरफा बदलाव का प्रयास न हो।

## एलएसी पर कहीं सुधरे हालात, तो कहीं चीन ने नहीं मानी संधि की बात

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश से सटी सीमा पर चीनी सेना ने कई बार उकसावे की कार्रवाई की है। चीन मुख्य तौर पर लद्दाख, पैंगोंग, तिब्बत, अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम से लगे अंतरराष्ट्रीय बॉर्डर के आसपास दिक्कतें पैदा करता रहा है। हाल के वर्षों में भारत चीन सीमा पर चाइनीस आर्मी ने पहले गलवान, पैंगोंग और फिर उसके बाद 2022 में अरुणाचल प्रदेश के यांग्से इलाके में उकसावे की कार्रवाई की है। वहीं डेपसांग के मैदानी क्षेत्र की बात करें तो यहां समस्या 2020 में गलवान में समस्या उत्पन्न होने से भी बहुत पहले से है। डेपसांग मैदान, भारत के जम्मू व कश्मीर के पूर्वी भाग में लद्दाख क्षेत्र की सीमा पर स्थित एक ऊंचा मैदानी इलाका है। यहां विवाद की शुरूआत तब हुई जब चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी द्वारा बैरिकेड लगाकर भारतीय सेना के जवानों को उनके पेट्रोलिंग पॉइंट तक पहुंचने से रोक दिया गया। भारतीय सेना के जवानों को उस बिंदु तक पहुंचने से रोका गया जहां तक उन्हें अपनी ड्यूटी के तहत पहुंचना था। इसके बाद जवाब में भारतीय सेना ने भी मजबूती से अपनी कार्रवाई की।

## ब्रह्मा मंदिर में लगेगी 1 करोड़ की लिफ्ट

**अजमेर, (एजेंसी)।** राजस्थान में अजमेर के निकटवर्ती तीर्थराज पुष्कर स्थित विश्व विख्यात ब्रह्मा जी के मंदिर पर निजी प्रयासों से एक करोड़ रुपये की लागत से दो लिफ्ट लगाने का शिलान्यास समारोह सोमवार को आयोजित होगा। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मुंबई में एमपी मानसिंगका चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से जनहित में श्रद्धालुओं के लिए लगने जा रही लिफ्ट लगाने के कार्य का शिलान्यास सोमवार को निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्री श्रीश्याम शरण देवाचार्य श्रीजी महाराज करेंगे। यह लिफ्ट ब्रह्मा मंदिर पुष्कर में पीछे की ओर गौशाला के पास स्थापित की जाएगी।

# पाक में सुरक्षा बलों के काफिले पर हमला

**डेरा इस्लाइल खान, (एजेंसी)।** पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा के चेहकान इलाके में शनिवार को मोटरसाइकिल पर सवार एक आत्मघाती हमलावर ने सुरक्षा बल के काफिले को निशाना बनाया, जिसमें कम से कम 22 सुरक्षाकर्मी घायल हो गए हैं।

**22 घायल**

उक्त विस्फोट एक आत्मघाती हमला था जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार एक अज्ञात आत्मघाती हमलावर ने सुरक्षा बलों के काफिले के नजदीक पहुंचक कर खुद को उड़ा लिया। इस आत्मघाती विस्फोट में कम से कम 22 सुरक्षा कर्मी घायल हो गए हैं। सेना के मीडिया विंग, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस ने बताया कि काफिला दक्षिण वजीरिस्तान जिले के मिंजा इलाके की ओर जा रहा था, तभी उस पर हमला हुआ। आत्मघाती हमले के बाद इलाके की तुरंत घेराबंदी कर दी गई। अधिकारियों ने कहा कि घायल सुरक्षा कर्मियों को डेरा इस्माइल खान के संयुक्त सैन्य अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहां उनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार काफिले पर वाना पेट्रोल पंप के पास हमला किया गया। उन्होंने कहा कि आत्मघाती हमलावर पीछे से आया और उसने काफिले में चौथे वाहन के पास पहुंचकर खुद को उड़ा लिया। ऐसी संभावना जतायी गयी है कि आत्मघाती हमलावर पेट्रोल पंप पर सुरक्षा बलों के काफिले का इंतजार कर रहा था, जो पेट्रोल पम्प हमले की जगह से करीब 400 मीटर दूरी पर था।

हमले के तुरंत बाद जिला पुलिस अधिकारी (डीपीओ) अब्दुल रऊफ बाबर कैसरानी के नेतृत्व में पुलिस की टीम सुरक्षा बलों के साथ घटनास्थल पर पहुंची और इलाके में एक संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। घायल सुरक्षाकर्मियों में हवलदार तनवीर, हवलदार जुल्फिकार, लांस नायक मुस्तफा, सिपाही हनीफ, सिपाही नवाज, नाइक लियाकत, लांस नायक फराज, नाइक शाहिद, सिपाही सिकंदर, मीर जाफर, अमीर असगर, नाइक अजहर, नाइक मूसा, सिपाही फिदा हुसैन शामिल हैं।

## Filmi तड़का

# प्रेस कॉन्फ्रेंस में लड़की ने सलमान को किया शादी के लिए प्रपोज



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के कुंवारे और सबके चहेते भाईजान यानी सलमान खान इस समय चर्चा में बने हुए हैं। सलमान की फिल्मों के साथ-साथ उनकी पर्सनल लाइफ की भी खूब चर्चा होती है। उनकी लव लाइफ को लेकर हर कोई उत्सुक है। सलमान और ऐश्वर्या की लव स्टोरी जगजाहिर थी, ऐश्वर्या से कई झगड़ों के बाद सलमान का नाम कई एक्ट्रेसेस के साथ जुड़ा, लेकिन सलमान ने अभी तक शादी नहीं की। लगभग हर इंटरव्यू या प्रेस कॉन्फ्रेंस में सलमान से उनकी शादी के बारे में पूछा जाता है और सलमान अपने अनोखे अंदाज में इसका जवाब देते हैं। हाल ही में एक इवेंट के दौरान सलमान से कुछ ऐसा ही सवाल किया गया। 'आईफा' अवॉर्ड समारोह के दौरान कई बड़े सितारों ने शिरकत की, इस बार रेड कार्पेट पर सलमान का नया लुक चर्चा में आया। इस इवेंट के दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए एक महिला ने सलमान से सीधे शादी के लिए पूछ लिया। उसने कहा, सलमान क्या तुम मुझसे शादी करोगे? सलमान ने अपने अनोखे अंदाज में जवाब दिया। सलमान ने कहा, मेरे लिए शादी के दिन खत्म हो चुके हैं। आपको मुझसे 20 साल पहले मिलना चाहिए था। इस इवेंट के दौरान दाढ़ी और मूंछ में सलमान का नया लुक भी काफी चर्चा में रहा। अब उनके फैंस भाईजान की टाइगर 3 का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। सलमान को शादी के लिए प्रपोज़ करने वाली लड़की का नाम एलीना खलफीह है। एलीना खलफीह एक मशहूर डिजिटल कंटेंट क्रिएटर हैं। वे सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। एलीना के इंस्टाग्राम पर 90.3 हजार फॉलोअर्स हैं। एलीना इंस्टाग्राम पर अपने ग्लैमरस फोटोज और वीडियोज फेन्स के साथ शेयर करती रहती हैं। इसके साथ ही एलीना, एके चैट्स नाम का शो भी चलाती हैं।

## आशीष विद्यार्थी ने किया पत्नी संग बिहू डांस



**नई दिल्ली।** बीते दिन बॉलीवुड के पॉपुलर विलेन यानी 57 वर्षीय एक्टर आशीष विद्यार्थी की दूसरी शादी की खबर ने फैंस को खुश कर दिया था। हालांकि इस शादी की एक ही तस्वीर सामने आई थी, लेकिन अब कुछ नई तस्वीरें सामने आई हैं, जिसमें एक्टर को वाइफ रुपाली बरुआ को मंगलसूत्र पहनाते हुए और कपल को डांस करते हुए देखा जा सकता है। यह तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही हैं, जिन पर फैंस प्यार लुटाते हुए नजर आ रहे हैं। हाल ही में एक्टर आशीष की कोलकाता में असम की फैशन उद्यमी रूपाली बरुआ से शादी की नई तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से फैलीं। वहीं अब नई तस्वीरों में कपल को फैमिली के साथ इस शादी का जश्न मनाते हुए देखा जा सकता है। एक तस्वीर में जहां दोनों फैमिली के साथ पोज दे रहे हैं तो वहीं एक तस्वीर में आशीष विद्यार्थी और रूपाली बरुआ साथ में बिहू डांस करते हुए नजर आ रहे हैं। अपनी शादी के बारे में बात करते हुए दिग्गज एक्टर ने कहा, मेरे जीवन के इस पड़ाव पर, रूपाली से शादी करना एक असाधारण एहसास है। हमने सुबह कोर्ट मैरिज की, उसके बाद शाम को गेट-टुगेदर किया। हम कुछ समय पहले मिले थे और इसे आगे बढ़ाने का फैसला किया था, लेकिन हम दोनों चाहते थे कि हमारी शादी एक छोटा पारिवारिक मामला हो। गौरतलब है कि इससे पहले आशीष विद्यार्थी ने राजोशी विद्यार्थी से शादी की थी।

## जम्मू-कश्मीर में 5.2 तीव्रता का भूकंप

**जम्मू, (एजेंसी)** केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में रविवार को मध्यम दर्जे के भूकंप के झटके महसूस किये गये। केंद्र शासित प्रदेश में भूकंप के बाद दहशत फैल गई। मौसम विभाग के अधिकारी ने कहा कि भूकंप के झटके सुबह 11:19 बजे महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 5.2 आंकी गयी। उन्होंने बताया कि भूकंप का केन्द्र अफगानिस्तान में 36.56 डिग्री उत्तर अक्षांश और 71.13 डिग्री पूर्व देशांतर पर जमीन से 220 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

**निर्माण** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शेयर की तस्वीर

# राम मंदिर का ग्राउंड फ्लोर हुआ तैयार

अयोध्या ■ ब्यूरो

संसद के नवनिर्मित भवन के उद्घाटन के बाद अब राम मंदिर की बारी है। अयोध्या में मंदिर निर्माण जिस तेजी से हो रहा है उसे देखकर तो ऐसा ही लग रहा है। अयोध्या में राम मंदिर का ग्राउंड फ्लोर कर तैयार हो गया है। निर्माण स्थल की ताजा तस्वीरों से इसका पता चलता है। अयोध्या में भव्य राम मंदिर को लेकर निर्माण कार्य जोरों पर हैं। इस बीच निर्माण स्थल की ताजा तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें दिखाई दे रहा है कि राम मंदिर का ग्राउंड फ्लोर लगभग बनकर तैयार हो गया है। ये तस्वीरें श्रीराम मंदिर के निर्माण को करा रहे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने शेयर की हैं।



**30 दिसम्बर तक पूरा होगा पहला चरण**

इसके पहले 22 मई को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की निर्माण समिति के प्रमुख नृपेंद्र मिश्रा ने कहा था कि इस साल 30 दिसम्बर तक मंदिर निर्माण का पहला चरण पूरा हो जाएगा। मिश्रा ने बताया कि मंदिर का निर्माण तीन चरणों में किया जा रहा है। पहले चरण का कार्य पूरा होने के बाद श्रद्धालु मंदिर में दर्शन कर सकेंगे। प्रधानमंत्री मोदी के प्रधान सचिव समचार एजेंसी से बातचीत में बताया था कि पहले चरण में अन्य कार्यों के अलावा ग्राउंड फ्लोर पर पांच 'मंडप' बनाए जाएंगे।

# बीएसएफ ने अमृतसर सीमा के पास पाक ड्रोन मार गिराया

**जालंधर, (एजेंसी)।** पंजाब के अमृतसर में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने नशीले पदार्थों की तस्करी की पाकिस्तान की एक और नापाक कोशिश को नाकाम करते हुए ड्रोन को मार गिराया तथा मादक पदार्थों के खेप लेकर भागे तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

**एक तस्कर गिरफ्तार**

बीएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी ने रविवार को बताया कि शनिवार रात को लगभग नौ बजकर 35 मिनट पर क्षेत्र में तैनात बीएसएफ के जवानों ने अमृतसर के गांव धनोए खुर्द के पास एक संदिग्ध ड्रोन की आवाज सुनी। उन्होंने बताया कि सैनिकों ने तुरंत गोलीबारी कर ड्रोन को मार गिराया ।

क्षेत्र की तलाशी के दौरान बीएसएफ के जवानों ने धनोए खुर्द के खेत से एक ड्रोन (क्वाडकॉप्टर, डीजेआई मैट्रिस आरटीके 300) बरामद किया।

इस बीच ग्राम धनोए खुर्द के पास तैनात सैनिकों ने तीन संदिग्ध लोगों को गाँव की ओर भागते हुए देखा, उन्हें चुनौती दी और तीन पैकेट (कुल वजन लगभग 3.4 किलो) के संदिग्ध नशीले पदार्थों की खेप वाले बैग के साथ एक संदिग्ध को पकड़ लिया।

# धोखाधड़ी मामले में बंटी वालिया के खिलाफ केस

**मुंबई, (एजेंसी)।** फिल्म प्रोड्यूसर जसप्रीत सिंह वालिया उर्फ बंटी वालिया कानूनी पंचड़े में फंस गए हैं। उनके खिलाफ सीबीआई ने मामला दर्ज किया है।

अधिकारियों ने रविवार 28 मई को बताया कि एक बैंक से प्रोड्यूसर ने 119 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की है। उसी मामले में केस दर्ज किया गया है। शिकायत में आरोप लगाया है कि जून 2008 में वालिया सहित अन्य की पर्सनल गारंटी पर दो लोन लिए थे। उनकी कंपनी जीएस एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड ने फिल्म 'लम्हा' की मेकिंग के लिए फाइनेन्स स्कीम के तहत 23.5 लाख डॉलर का फॉरेन करंसी लोन और 4.95 करोड़ रुपये का आरटीएल जारी किया था। बैंक ने दावा किया है कि तय योजना के तहत संजय दत्त और बिपाशा बसु स्टारर ये फिल्म 2009 में रिलीज होनी थी, लेकिन प्रमोटर्स और एग्जीबीटर्स के बीच विवाद के कारण इसकी रिलीज अटक गई। बैंक ने जीएसईपीएल, पीवीआर और प्राइवेट बैंक के बीच तीन पक्षीय समझौते के निपटारे के लिए दुनियाभर में फिल्म रिलीज करने के लिए पीवीआर को डिस्ट्रीब्यूटर अपॉइंट किया। साथ ही पीवीआर से ये कमिटमेंट लिया कि वो पोस्ट-प्रोडक्शन के काम के लिए 8 करोड़ रुपये इन्वेस्ट करेगा।

# महिला पहलवानों के साथ दुर्व्यवहार के विरोध में धरना-प्रदर्शन



प्रखर मिजार्पुर। दिल्ली जंतर मंतर पर देश के महिला खिलाड़ियों के द्वारा बीजेपी संसद सदस्य पर यौन शोषण के खिलाफ लगे आरोप चल रहे है, धरने पर बैठने वाली महिला पहलवान को साथ केंद्र सरकारें ने कल जिस तरीके से दुर्व्यवहार किया वह देश की इतिहास में दर्ज हो गए। बताते चले की –29 मई को जिला कांग्रेस कमेटी के शहर कमेटी के सदस्यों के तत्वाधान में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रांतीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के आह्वान पर दिल्ली में बृजभूषण सिंह पर लगे आरोपों की जांच व खेल से संबंधित मांग को लेकर धरने पर बैठी देश की सर को गर्व से ऊंचा करने वाली पहलवान बेटियो को पुलिस के लोगों ने बलपूर्वक धरने से हटाया जहां वह कानून व्यवस्था को देखते हुए शांति प्रक्रिया तरीके से धरने पर बैठी थी, जिससे सरकार की नीव हिल गई और छवि खराब हो रही थी, बताते चलें कि जनपद में डीएम कार्यालय पर छोटे खान कांग्रेस प्रवक्ता के द्वारा बताया गया, सरकार को घेराव करते हुए धरना प्रदर्शन दिया और जहां जिला अध्यक्ष भी मौजूद थे जहां पूरे कांग्रेसी कमेटी के लोगों ने इसकी निंदा की, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवकुमार सिंह पटेल ने देश की बेटियां के लिए बीजेपी के सांसद ब्रिज भूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने की मांग करते हुए कहा कि जिस तरह से देश की पहलवान बेटियो के साथ बर्बरता पुलिस के द्वारा कार्रवाई की गई है इसका हम सब लोग मिलकर विरोध करते हैं। जिस सांसद खिलाफ बेटियां धरने पर बैठी थी उसका पुलिस ने बाल भी बांका नहीं किया शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजन पाठक ने भी पहलवानों के समर्थन में कहा कि बीजेपी सरकार तानाशाही कर रही है अगर बीजेपी के सांसद को गिरफ्तार नहीं किया गया तो हम समस्त कांग्रेस जन विशाल प्रदर्शन करेंगे धरने में उपस्थित जिला पंचायत सदस्य शिव शंकर चौबे नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन दीपचंद जैन उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य एवं मीडिया प्रभारी मिन्हाज अहमद, छोटे खान गुलाबचंद पांडे, रमेश प्रजापति,पप्पू, राजेशमिश्रा, ज्योति, कुंज बिहारी उपाध्याय,सरूप सिंह, अमरनाथ पांडे,मोनू पटेल,रामराज,रियाज अहमद, प्रमोद गुप्ता, अनुज मिश्रा,मानस विजय दुबे, अशोक पटेल , सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे, जहां सरकार के द्वारा स्वतंत्र रूप से अभिव्यक्ति की आजादी का शांतिप्रक्रिया तरीके से गलत का विरोध करने पर हमला किया गया दमनकारी नीति का प्रयोग किया। इसके विरोध प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ता सदस्यों द्वारा एक स्वर विरोध दिखा।

# भाजपा ने किया 30 मई से 30 जून तक होने वाले कार्यक्रमों की चर्चा

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के आज 9 वर्ष पुर्ण होने पर 30 मई से 30 जून के बीच लोकसभा, विधानसभा एवं शक्ति केन्द्र स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों के अभियान प्रमुखों कि बैठक भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह ने कहा कि यह देश का सौभाग्य है कि, प्रधानमंत्री के रूप में विगत 9 वर्षो से नरेंद्र मोदी जैसा नेता देश कि बागडोर सफलता से संभाला है। जिनके नेतृत्व में देश कि बुनियादी जरूरतों एवं समस्याओं पर प्रभावी सफलता अर्जित कर सम्मान के क्षेत्र में अतुलनीय ख्याति अर्जित किया है। लोकसभा संयोजक पुर्व जिलाध्यक्ष कृष्ण बिहारी राय ने कहा कि योग्य कुशल विचार सम्पन्न नेता के नेतृत्व मे स्थिर बहुमत कि सरकार के पास मजबूत निर्णय लेने कि क्षमता निहित होती हैं। आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व ने देश ने एकता, अखंडता, विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्र मे जिस तरह के कठिन और जटिल निर्णय लेने का साहस किया वह ताकत सिर्फ भाजपा नेतृत्व से ही संभव था। जिलाध्यक्ष भानुप्रताप सिंह ने बताया कि 30 मई से 30 जून तक के महाभियान मे लोकसभा स्तर पर जनसभा, 2 जून को अपराह्न में केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी के द्वारा प्रेस वार्ता , शोसल मीडिया वालंटियर मीट, प्रबुद्ध सम्मेलन, व्यापारी सम्मेलन, विकास तीर्थ अवलोकन तथा विधानसभा स्तर पर वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक, मोर्चा सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन योग दिवस, सम्पर्क से समर्थन,घर घर सम्पर्क आदि चलाए जा रहे कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा किया और कहा कि सेवा ही संगठन भाजपा का मूल राजनीतिक सिद्धांत हैं। इस अवसर पर सुनील सिंह, जिला महामंत्री ओमप्रकाश राय, प्रवीण सिंह, दयाशंकर पांडेय, अवधेश राजभर,वृजनन्दन सिंह, संकठा प्रसाद मिश्र, जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा, अच्छेलाल गुप्ता,डा मुराहू राजभर,अमरेश गुप्ता, रासबिहारी राय, अविनाश सिंह, साधना राय,मनोज बिंद, रूद्र प्रताप सिंह,रंजू शर्मा,विनोद खरवार, सहित आदि अन्य प्रमुख लोग उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### विजय दिवस पर निकलेगी झांकी व मेधावी होंगे सम्मानित

प्रखर पिंडरा वाराणसी। श्रावस्ती नरेश सुहेलदेव महाराज का विजय दिवस समारोह 10 जून को खालिसपुर में मनाने के उद्देश्य से सोमवार को समिति की बैठक हुई। जिसमें झांकी निकालने व मेधावी छात्रों को सम्मानित करने के साथ अनेक निर्णय लिए गए। खालिसपुर स्थित पंचायत भवन में सुहेलदेव महाराज विजय दिवस समारोह समिति के पदाधिकारियों की हुई बैठक में 28 वर्षो से मनाए जा रहे कार्यक्रम को भव्य बनाने व लोगों को सुहेलदेव के बारे में जानकरी देने के लिए झांकी निकालने, क्षेत्र के 90 फीसदी से अधिक छात्र छात्राओं को सम्मनित करने व समाज के उत्थान में अग्रणी भूमिका निभाने वालों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता राजेश राजभर व संचालन राजकुमार राजभर ने किया। इस दौरान उमाशंकर राजभर, गुलाब, अवधेश , विनोद, गुड्डू राजभर समेत अनेक लोग रहे।

### नीम के पेड़ से लटका मिला अधेड़ का शव

प्रखर वाराणसी। फूलपुर थाना क्षेत्र के कैथोली ग्राम स्थित पेट्रोल पंप के पास सोमवार की सुबह ग्रामीणों को नीम के पेड़ से लटका हुआ एक अज्ञात 45 वर्षीय युवक का शव मिला है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह जब हम लोग शौच के लिये बाहर निकले तो देखा कि पास के ही नीम के पेड़ के पास एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति का शव पेड़ पर लटका हुआ है घटना की सूचना तुरन्त फूलपुर पुलिस को दी गई। घटना के बाबत थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि पेड़ से लटका हुआ शव अज्ञात व्यक्ति का उसकी शिनाख्त अभी तक नही हो पाई है ग्रामीणों की मदद से उसकी शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### पौधरोपण कर पुलिस महानिदेशक ने किया मिशन लाइफ के लिए जागरूक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश, डॉक्टर आर0के0 विश्वकर्मा द्वारा राज्य में पर्यावरण के लिए जीवन शैली पर जागरूक कार्यक्रम मिशन लाइफ अभियान के प्रचार- प्रसार एवं क्रियान्वयन हेतु आज सोमवार को पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह तथा अन्य अधिकारियों एवम कर्मचारियों द्वारा पुलिस लाइन गाजीपुर के प्रांगण में साफ सफाई कर पौधरोपण किया गया। पुलिस महानिरीक्षक द्वारा मिशन लाइफ के बारे में सभी को जागरूक किया गया। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल ना करने तथा अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए सभी लोगों से अपील की गई।

### जिलधिकारी ने जारी किया विद्युत शिकायतों के लिए टोल फ्री नंबर

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर ।जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने जनपद के समस्त जनपद वासियों से अपील किया है कि विद्युत सम्बन्धित शिकायत हेतु जनपद स्तर पर कन्ट्रोल रूम 24 घण्टे सम्पर्क हेतु बनाया गया हैं। जिसका टोल फ्री नम्बर-1912 एवं मोबाईल नम्बर 9453047253 क्रियाशील रहेगी। जिस हेतु किसी भी प्रकार की विद्युत सम्बन्धित शिकायतो/समस्या आती है तो तत्काल अपने मोबाईल से टोल फ्री नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी शिकायते दर्ज करा सकते है।

### अवैध तरीके से पाटा जा रहा था तालाब, डंपर सीज

प्रखर मिजार्मुराद। क्षेत्र के गौर ग्राम स्थित एक तालाब को कुछ लोगों द्वारा विगत 4 दिनों से पाटा जा रहा था, ग्रामीणों ने तालाब पाटने का विरोध किया, शनिवार की देर रात उक्त तालाब पर मिट्टी गिराई जा रही थी कि ग्रामीणों ने इसकी उच्च अधिकारियों को दिया, इस पर कार्रवाई करते हुए एसीपी राजातालाब डम्पर को सीज कर दिया। संतोष तिवारी पप्पू व उमेश शुक्ला बताते हैं कि ग्रामसभा गौर स्थित ग्राम सभा के तालाब को कई दिनों से पाटा जा रहा था, शिकायत पर नायब तहसीलदार राजातालाब मौका मुआयना कर काम को बंद करने का आदेश दिया था, थाना दिवस पर भी लिखित शिकायत एसडीएम के सामने प्रेषित की गई थी,शिकायत पर उन्होंने भी तालाब ना पाटने का आदेश दिया था, बावजूद इसके तालाब को पाटने का कार्य जारी था, हर रोज की भांति शनिवार की देर रात्रि को डंपर द्वारा मिट्टी पाटने का कार्य शुरू हुआ कि इसकी सूचना डीएम व पुलिस उपायुक्त गोमती जोन के फोन नंबर पर दिया गया,मौके पर एसीपी राजातालाब पहुंच कर मिट्टी गिराने आए डंपर को पकड़कर सीज कर दिया।

### अंतिम संस्कार में शामिल होने आए सफाई कर्मी की गंगा में डूब कर मौत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। रविवार को जमानिया कोतवाली क्षेत्र के पक्का घाट पर एक बुजुर्ग के अंतिम संस्कार के बाद स्नान कर रहे युवक की गंगा में डूब कर मौत हो गई। घटना की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। काफी मशक्कत से मछुआरों की सहायता से शव को बाहर निकला गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों में मौत की सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार दिलदारनगर बाजार के निवासी अशोक कुमार गुप्ता की मौत होने के बाद परिवार जन अंतिम संस्कार के लिए जमानिया घाट पर गए थे।अंतिम संस्कार के बाद सफाई कर्मी दिलीप गंगा में डुबकी लगाकर स्नान कर रहा था। तभी गहरे पानी में चले जाने के कारण डूब कर उसकी मृत्यु हो गई। अशोक कुमार गुप्ता भकसी गांव में सफाई कर्मी के पद पर तैनात था। उनका एक लड़का जय कुमार गुप्ता है जो बाहर प्राइवेट काम करता है।

# शासन के विकास कार्यों को लेकर प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायतों ने की बैठक




प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। बिरनो स्थित ब्लाक मुख्यालय परिसर में आज क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम प्रधानों की संयुक्त मासिक बैठक आयोजित की गई। इसमें बाल विकास, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा सहित अन्य विभाग के कर्मचारी और अधिकारियों ने भाग लिया। आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता एवं इसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख राजन सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस संयुक्त बैठक में शासन के द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों को लेकर प्रधानों एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों के द्वारा विशेष रूप से चर्चा की गई । इस दौरान ब्लाक प्रमुख राजन सिंह ने शासन की ओर से चलाए जा रहे विभिन्न तरह के विकास कार्यों के जल्द पूरा कराए जाने की जिम्मेदारी प्रधानों और सदस्यों को दी। ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने क्षेत्र के कई सड़कों एवं नाली खड़ंजा के निर्माण व राशन वितरण आदि को लेकर अपना अपना प्रस्ताव खंड विकास अधिकारी के समक्ष रखा। इसको लेकर खंड विकास अधिकारी अनुराग राय ने कहा कि सभी क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ग्राम प्रधानों के आए हुए सुझाव को अति शीघ्र पूरा कराया जाएगा। बैठक में मनरेगा, पीएम, सीएम आवास, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन के बारे में सभी को जानकारी दी। वहीं उन्होंने कहा कि अपने क्षेत्र में विशेष रूप से इस पर ध्यान देने की जरूरत है। इस अवसर पर ब्लाक प्रमुख राजन सिंह द्वारा पांच टीबी मरीजों को गोद लेने की घोषणा की गई। इस अवसर पर बैठक में पूर्व प्रमुख सुभाष गुप्ता डा गुरूदेव मौर्य लेखाकार गोपाल जी श्रीवास्तव अभिमन्यु सिंह राजेंद्र यादव दिनेश भट्ट विनोद पटेल रामनिवास यादव विनोद गुप्ता नागेन्द्र यादव प्रदीप सिंह भरत सिंह रवि प्रकाश सिंह अरूण सिंह महावीर प्रसाद लोग मौजूद रहे।

# संरक्षक व पूर्व अध्यक्ष के नपा चेयरमैन बनने पर रामलीला कमेटी ने किया जोरदार अभिनंदन

प्रखर मिजार्पुर। श्रीरामलीला कमेटी बरियाघाट के तत्वाधान में श्री पंचमुखी महादेव जी मन्दिर के सत्संग हाल में अभिनन्दन समारोह एवं इस वर्ष के आय-व्यय का बैठक किया गया, जिसमें रामलीला कमेटी के अध्यक्ष ई० विवेक बरनवाल के अध्यक्षता में कोषाध्यक्ष रविन्द्र कुमार गुप्ता ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। पदाधिकारियों ने आय-व्यय का हर्ष ध्वनि के साथ संतोष व्यक्त किया। नगरपालिका परिषद के चुनाव में रामलीला कमेटी के सात पदाधिकारियों को विजय हासिल हुआ है, जिसमें कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक श्याम सुन्दर केशरी को नगरपालिका परिषद का चेयरमैन होने पर हर्ष ध्वनि के साथ माल्यार्पण, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर पदाधिकारियों ने जोरदार स्वागत किया। इसी तरह सभासद पद पर पदाधिकारी विजयी हुए कमेटी के सदस्य/पदाधिकारीगण राधेश्याम गुप्ता, राजेश सोनकर की पत्नी, सरिता गुप्ता, अलंकार जायसवाल, सतीश उपाध्याय, सत्यनरायन जायसवाल का कमेटी की तरफ से जोरदार स्वागत किया गया। बैठक को



सम्बोधित करते हुए नगरपालिका परिषद के चेयरमैन श्याम सुन्दर केशरी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर को साफ-सुथरा एवं स्वच्छ बनाने में मुझे आपका भी सहयोग चाहिए, ताकि आपके उम्मीदों पर मैं खरा उतर सकूँ। नगर का सुन्दरीकरण, प्राचीन मन्दिर, गंगाघाट, छुट्टा पशु एवं पर्यटन स्थल का कार्य हमारी प्राथमिकता में है। कमेटी के संस्थापक सदस्य एवं महामंत्री अक्षयवर नाथ केशरवानी ने सभी का अभिनन्दन करते हुए कहा कि आय-व्यय बैठक के बाद रामलीला कमेटी को भंग कर दिया जाता है। ई० विवेक बरनवाल अगले चुनाव तक कार्यवाहक अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे। अगला चुनाव 25 जून तक करा दिया जायेगा। इसमें शामिल रहे संरक्षक सतीश चन्द्र सर्राफ, शत्रुधन केशरी, मीडिया प्रभारी विमलेश अग्रहरी, लवकुश ऊमर, विपिन कुमार, अविनाश यादव, डॉ० जे०के० जायसवाल, प्रवीण सर्राफ, शिवम् कसेरा, दीपा ऊमर, किशन कुमार, पुनीत अग्रवाल, त्रिलोकी नाथ दूबे, शैलेन्द्र पाण्डेय, अमित गोयल, सनत केशरी, विनय सिंह, मृत्युंजय त्रिपाठी के अलावा काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहें।

# जय हिंद विद्या मंदिर इंटर कालेज के प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न



प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। थाना क्षेत्र के जय हिंद विद्या मंदिर इंटर कालेज में रविवार को प्रबंध समिति का चुनाव संपन्न हुआ। चुनाव काफी शांति संपन्न हुआ अध्यक्ष पद के लिए ओमप्रकाश तुलस्यान उपाध्यक्ष पद के लिए अशोक कुमार जायसवाल, प्रबंधक पद पर शुभेंद्र कुमार जायसवाल व कोषाध्यक्ष पद पर कृष्णमोहन सिंह निर्विरोध चुने गए। वही उप प्रबंधक पद पर डा अशोक शर्मा व सत्यम कुमार के बीच काटें का चुनाव हुआ। जिसमे सत्यम कुमार ने 11 वोटो से जीत हासिल किया।वही 7 सदस्य पद के लिए 11 लोगो के बीच चुनाव हुआ जिसमें आशीष कुमार मनीष कुमार, हनुमान जायसवाल, जैसराम सिंह, मनोज केसरी छोटेलाल, कमलेश केसरी ने चुनाव जीत विजई हुए। चुनाव अधिकारी के रूप में सिद्धनाथ गुप्त व पर्यवेक्षक विजय कुमार मिश्रा की देखरेख में शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न हुआ। जैसे ही निर्वाचन की घोषणा हुई समर्थकों समेत विद्यालय में मौजूद अन्य सदस्यगण एक दूसरे का माल्यार्पण कर मिष्ठान वितरण किया प्रबंधक शुभेंद्र कुमार जायसवाल ने सभी सहयोगियों का आभार प्रकट किया।

### संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से सात झोपड़िया जलकर हुई खाक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गहमर थाना क्षेत्र के बसुका गांव में आग लगने से सात रिहायथी झोपड़िया जलकर राख हो गई। आग लगने से गृहस्थी का सारा सामान जल का नष्ट हो गया सूचना पाकर मौके पर पहुंचे नायक तहसीलदार कौशल चौरसिया ने नुकसान का आकलन कर शासन को रिपोर्ट भेज दी है गहमर को तो अली पुलिस भी मौके पर पहुंचकर कानूनी कार्यवाही में जुट गई है। जानकारी के अनुसार सोमवार को बसुका गांव निवासी मुन्ना राम के परिवार की औरतें खाना बना रही थी कि अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में झोपड़ी में आग लग गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक आग ने अगल-बगल की झोपड़ियां को भी अपने आगोश में ले लिया। किसी तरह से परिवार के लोग बाहर निकल कर अपने पशुओं के साथ सुरक्षित जगह पर पहुंच गए। लोगों का शोर शराबा सुनकर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुड़ गई।

# पर्यटन स्थलों पर स्थानीय महकमों के अविवेकपूर्ण फैसलों के चलते पड़ी काली छाया

अहरौरा मिजार्पुर। संपूर्ण उत्तर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में जनपद मिजार्पुर का नाम आता है वाराणसी और प्रयागराज के बीच पड़ने वाले जनपद मिजार्पुर में पर्यटन स्थलों पर अविवेकपूर्ण फैसलों के चलते जहां लाखों पर्यटकों में मायूसी है तो वहीं पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने वाले लोग के अथक प्रयास के बावजूद भी स्थानीय प्रशासन के चलते पर्यटन क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए आगे आने वाले लोगों का भी मनोबल डगमगाने लगा है । अहरौरा थाना क्षेत्र में पड़ने वाले वाटर पार्क को निजी फरमानी आदेश जारी कर पर्यटकों के आने पर रोक लगाने का आदेश कई लोगों को निराशा कर रहा है । बताते चलें कि लखनिया दरी में हुए हादसे के बाद लखनिया दरी में सैलानियों के जाने के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है आखिरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के वादों नारों और उस पर अपनी उपलब्धि हांकने वाले लोग कहां हैं बताते चलें कि पिछले दिनों वाटर पार्क में मारकुंडी निवासी एक



व्यक्ति के हार्ट अटैक से मौत हो जाने की बात मृतक के परिजनों ने बताया है । जमीन पर हार्ड अटैक के चलते गिरकर बेहोश होने वाले अशरफ को पार्क के कर्ता-धर्ता के द्वारा तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया उसके बाद अथक प्रयास के बावजूद भी उसको बचाया न जा सका डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया । लेकिन आनन-फानन में किस कारण से वाटर पार्क पर पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगाने का फरमान जारी किया गया स्पष्ट नहीं हो पा रहा है हालांकि अहरौरा थानाध्यक्ष ने कहा कि उनके आदेश से वाटर पार्क को बंद किया गया है जबकि वाटर पार्क संचालक के पास बंद कराने का कोई भी नोटिस स्थानीय पुलिस प्रशासन के दौरान नहीं उपलब्ध कराया गया है । ऐसे में उहापोह की स्थिति बनी है भारी मात्रा में पर्यटकों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है थानेदार के पास अभी तक किसी भी प्रकार की लिखित शिकायत पत्र प्राप्त भी नहीं हुआ है लोगों में तरह-तरह की बातें हैं कि आखिरकार पर्यटन के क्षेत्र में नाम कमा चुके इस क्षेत्र के साथ सौतेला व्यवहार क्यों किया जा रहा है।

# यूपी के वाराणसी मण्डल में एक्टिव मोड में आई वीआईपी पार्टी

**पूर्व कैबिनेट मंत्री व वीआईपी सुप्रीमो सन ऑफ मल्लाह मुकेश साहनी ने कार्यकर्ता सम्मेलन को किया संबोधित**




प्रखर वाराणसी। प्रदेश में जल्द ही होने वाले निकाय चुनाव को लेकर वीआईपी पार्टी पूरी तरफ से एक्टिव मोड में आ चुकी है। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने रविवार को वाराणसी के दंदुपुर सेलिब्रिटी लान पर कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। मुकेश सहनी ने कार्यकर्ताओ को संबोधित करते हुए कहा की आज समय आ गया है, जब मांगने से कुछ नहीं मिलता है, इसके लिए लड़ाई लड़नी पड़ती है. और अब समय आ गया है जब निषाद भी एकजुट होकर अपने अधिकार की लड़ाई लड़े. उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में निषाद समाज की इतनी बड़ी आबादी होने के बावजूद भी निषाद समाज का कोई राजनीतिक हिस्सेदारी नहीं है।

**मल्लाह समाज के लोगों को एक भी टिकट नहीं** – साहनी ने कहा कि निषाद समाज के लोगों को जनप्रतिनिधि बनने का टिकट तक नहीं मिलता और ना ही किसी राजनैतिक दल से निषाद समाज का कोई विधायक नही है। और अब तक समाज के हाशिए पर जीवन गुजार रहे लोगों को अधिकार मिल सके और वनवासियों को विकास के पथ पर लाया जा सके। सहनी ने कहा कि हमलोगों ने जब से बिहार में अति पिछड़ों के आरक्षण को 15 प्रतिशत बढ़ाने की मांग की है, तब से राजनीतिक दलों के निशाने पर आ गए हैं. आज इसी हक की लड़ाई लडने के लिए लोगों का प्यार मिलता है, तो फिर क्यों नहीं इनके हक अधिकार की लड़ाई लड़ूं। कार्यकर्ता सम्मेलन में जिलाध्यक्ष सुचित कुमार साहनी समेत बड़ी संख्या में विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) कार्यकर्ता और नेता मौजूद रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष साहनी, प्रदेश उपाध्यक्ष उमेश साहनी, राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव मिश्रा, बाल गोविंद निषाद, वाराणसी जिला अध्यक्ष सुचित कुमार साहनी, मीडिया प्रभारी मयंक कुमार, महानगर अध्यक्ष गोविंद साहनी, गंगा समिति नाभिक संघ अध्यक्ष प्रमोद माझी, राजेश, अवधेश साहनी, अशोक, खुशबू श्रीवास्तव, दिलीप वर्मा, प्रदीप पटेल, राजकुमार साहनी, जय हिंद बिंद, अजीत बिंद, अनिल साहनी, रामराज्य, चंदन साहनी, कमल साहनी के अलावा आदि सैकड़ों की जनसंख्या में निषाद समाज के लोग उपस्थित थे।

# रिप्रेजेंटेटिव एसोसियेशन ने जिलाधिकारी द्वारा उप मुख्यमंत्री को दिया पत्रक

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एन्ड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव्स एसोसिएशन गाजीपुर इकाई ने जिलाधिकारी गाजीपुर के माध्यम से उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार को ज्ञापन देकर दवा प्रतिनिधियों के अस्पताल में काम करने की रोक वाले बयान पर घोर आपत्ति जताई और संगठन के प्रदेश सचिव साथी आर0एम0 राय ने बताया कि हम दवा प्रतिनिधि को सेल्स प्रमोशन एम्प्लॉयीज एक्ट 1979 और ड्रग एन्ड कॉस्मेटिक एक्ट 1954 के तहत भारत की संसद से कानून प्राप्त है कि सिर्फ मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव ही अस्पताल, क्लीनिक या डॉक्टर के चैंबर में उनसे मिलकर अपनी कम्पनी के उत्पाद का प्रचार कर सकते हैं। अतः हमे अपने संवैधानिक कार्य को करने से रोकना संविधान में वर्णित आदेशों का खुल्ला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि अगर हम अस्पताल में ना जाएं तो कहां पर काम करें यह उपमुख्यमंत्री जी बताएं। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मो0 अफजल ने कहा कि केंद्र में उन्ही की पार्टी की सरकार है और केंद्र सरकार के ही कानून हमारे पर लागू हैं अतः उनका इस तरह का बयान कहीं से भी न्यायोचित नहीं है, उन्होंने यह मांग की कि हमें काम करने की अनुमति दी जाए जिससे हम भी देश



की अर्थव्यवस्था में भागीदार बने रहे। डा. राममनोहर लोहिया अस्पताल फरुर्खाबाद का निरीक्षण करने पहुंचे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि यदि सरकारी अस्पतालों में दवा कंपनियों के प्रतिनिधि मिलें तो तत्काल मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए। इस बयान के उपरांत आज केंद्रीय कमेटी आवाहन पर आज गाजीपुर इकाई ने अपनी मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से ब्रजेश पाठक, उपमुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार को सौंपा गया तथा सरजू पांडेय पार्क में धरना सभा किया गया।

प्रखर पूर्वांचल

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं